दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-95 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 20 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# सुप्रीम कोर्ट का एतिहासिक फैसला, रेबीज और गंभीर रूप से बीमार कुत्तों को मारने का दिया निर्देश

नई दिल्ली(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी से जुड़े 7 नवंबर 2025 के अपने आदेश में बदलाव और उसे वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) द्वारा आवारा जानवरों को लेकर जारी मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज कर दीं।

### बीमार और खतरनाक कुत्तों को मारने के लिए फैसला

अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में जहां कुत्ते लाइलाज रूप से बीमार, रेबीज से पीड़ित या स्पष्ट रूप से खतरनाक व आक्रामक हों, तो मानव जीवन और सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे को प्रभावी ढंग से समाप्त करने हेतु उन्हें पशु जन्म नियंत्रण नियमों और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार मारने पर विचार कर सकते हैं।

### अधिकारियों के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई



शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस कोर्ट के निर्देशों को लागू करने के लिए जिन संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, वह अपने कामों और सरकारी कामों को अच्छी नीयत से करने के लिए सही सुरक्षा के हकदार होंगे। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों को लागू करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कोई FIR या क्रिमिनल कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत ने सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वे वे सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन हेतु 'स्वत: संज्ञान' लें। उन्हें यह स्वतंत्रता होगी कि वे स्थानीय परिस्थितियों और तात्कालिक आवश्यकताओं को संबोधित करने हेतु ऐसे निर्देशों के दायरे का विस्तार या उन्हें आवश्यकतानुसार संशोधित कर सकें, लेकिन इसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों के मूल भाव और उद्देश्य को किसी भी प्रकार से कमजोर न किया जाए।

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई की। अदालत ने शैक्षणिक संस्थानों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों, खेल परिसरों, अस्पतालों आदि जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के अपने पूर्व के निर्देशों को बदलने से इनकार कर दिया और कुत्तों को नसबंदी के बाद वापस पुरानी जगहों पर छोड़ने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।

अदालत ने कहा कि हर जिले में कम से कम एक पूरी तरह से काम करने वाला एनिमल बर्थ कंट्रोल यानी ABC सेंटर बनाना सुनिश्चित किया जाए।

## नागरिकता के लिए पासपोर्ट की पूरी डिटेल देना हुआ अनिवार्य, गृह मंत्रालय ने नियमों में किया बड़ा बदलाव

नई दिल्ली, (आरएनएस)। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने नागरिकता नियम, 2009 में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए नई अधिसूचना जारी की है। इस संशोधन के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत में नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को अब अपने पासपोर्ट (वैध या समाप्त) का पूरा विवरण देना अनिवार्य कर दिया गया है।गृह मंत्रालय द्वारा 18 मई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, इन तीन देशों के आवेदकों को नागरिकता आवेदन पत्र में पासपोर्ट नंबर, जारी करने की तारीख, जारी करने का स्थान और समाप्ति तिथि जैसी जानकारी स्पष्ट रूप से देनी होगी। साथ ही, आवेदक को यह घोषणा भी करनी होगी कि उसके पास इन देशों का कोई वैध या समाप्त हो चुका पासपोर्ट है या नहीं। अधिसूचना में नया पैराग्राफ (3ए) जोड़ा गया है, जिसके तहत आवेदक को यह लिखित सहमति देनी होगी।

# पांच दिन में दूसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

### - भोपाल में पेट्रोल 110.75 और डीजल 95.91 रुपए प्रति लीटर पहुंचा

भोपाल (ए.)। मप्र समेत पूरे देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार से पेट्रोल और डीजल 90 पैसे प्रति लीटर महंगे हो गए हैं। खास बात यह है कि महज पांच दिन के भीतर ईंधन की कीमतों में दूसरी बार इजाफा हुआ है। इससे पहले 15 मई को तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में 3-3 रुपए प्रति लीटर की बड़ी बढ़ोतरी की थी। नई कीमतों के बाद भोपाल में पेट्रोल 110.75 रुपए और डीजल 95.91 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। इंदौर में पेट्रोल 110.79 रुपए, ग्वालियर में 110.69 रुपए और उज्जैन में 111.27 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। डीजल के दाम भी सभी बड़े शहरों में बढ़ गए हैं।ईंधन महंगा होने का सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी पर दिखाई देगा। ट्रांसपोर्ट लागत बढने से दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल, राशन और अन्य जरूरी सामान महंगे हो सकते हैं। ट्रक और मालवाहक वाहनों का किराया बढने से बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। खेती-किसानी पर भी इसका असर पड़ेगा। किसानों को ट्रैक्टर, सिंचाई पंप और अन्य मशीनें चलाने में ज्यादा खर्च उठाना पड़ेगा, जिससे उत्पादन लागत बढ़ेगी।




## बढ़ती महंगाई की आग में हड़तालों का घी, जनता को दोहरी मार की आशंका

### आज भारतीय कैमिस्ट और ड्रगिस्ट संगठन और टैक्सी यूनियन की हड़ताल

नई दिल्ली (ए)। देश में आसमान छूती महंगाई ने आम आदमी की कमर पहले ही तोड़ दी है, लेकिन अब जरूरी सेवाओं से जुड़ी दो बड़ी हड़तालों ने जनता की मुश्किलें और बढ़ाने की आशंका बन गई है। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की बेतहाशा बढ़ती कीमतों से जूझ रहे लोगों के लिए दवाइयों और परिवहन सेवाओं का संकट बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में लोगों को सफर से लेकर दवाइयों तक के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।बात दें कि अखिल भारतीय कैमिस्ट और ड्रगिस्ट संगठन ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान कर दिया है। करीब 12.4 लाख दवा विक्रेताओं के संगठन ने मोदी सरकार से दो महत्वपूर्ण अधिसूचनाएं-जीएसआर 817 और जीएसआर 220 को वापस लेने की मांग कर रहा है।



## केजरीवाल और सिसोदियो को दिल्ली हाई कोर्ट का नोटिस, न्यायाधीश के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट का मामला

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत अन्य को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने के लिए नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और रविंदर दुदेजा की पीठ ने यह नोटिस अदालत की अवमानना की स्वत: संज्ञान याचिका पर जारी किया है। न्यायाधीश शर्मा के खिलाफ कथित मानहानिकारक-अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सांसद संजय सिंह और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं को भी भेजा गया है।पीठ ने कहा, 14 मई के आदेश के आधार पर कार्यवाही शुरू की गई है। एकल न्यायाधीश ने सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रकाशन अभिलेखों से प्राप्त सामग्री पर भरोसा किया है।

# देश में भीषण गर्मी का कहर

### कई शहरों में तापमान 47 डिग्री के पार, हीटवेव का रेड अलर्ट

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कई हिस्सों में मंगलवार को भीषण गर्मी और हीटवेव की स्थिति देखने को मिली। शाम 5:30 बजे तक प्राप्त मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राजधानी दिल्ली के सभी प्रमुख मौसम केंद्रों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस तेज गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया और लोगों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में सबसे अधिक तापमान रिज क्षेत्र में 46.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा सफदरजंग और पालम में 45.1 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 45.2 डिग्री सेल्सियस और अयानगर में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।



मौसम विभाग के अनुसार यह तापमान सामान्य से 3 से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जो गंभीर हीटवेव की स्थिति को दर्शाता है। दिनभर गर्म हवाओं और तेज धूप के कारण राजधानी में हालात और कठिन हो गए। वहीं न्यूनतम तापमान भी 27 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा, जिससे रात के समय भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। दिल्ली के किसी भी हिस्से में इस दौरान बारिश दर्ज नहीं की गई, जिससे मौसम और अधिक शुष्क और गर्म बना रहा।

### रिज में सबसे ज्यादा 46.5 डिग्री

उत्तर प्रदेश में भी मौसम विभाग ने गंभीर हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 19 मई 2026 को रेड वॉर्निंग जारी करते हुए बताया कि अगले दो दिनों तक कई जिलों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी रह सकती है। 19 मई को आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा और फतेहपुर में हीटवेव की चेतावनी दी गई है। दूसरे दिन यानी 20 मई को आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, फतेहपुर के साथ औरैया, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज में भी भीषण गर्मी की स्थिति की संभावना जताई गई है। दिल्ली में यह स्थिति पिछले दो वर्षों में मई महीने का सबसे गर्म दिन भी दर्ज किया गया है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र पर बरसे खड़गे, कहा- नाकामियों का बोझ जनता पर डाल रही सरकार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई ताजा बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नीतियों की नाकामियों को छिपाने की कोशिश करते हुए आम नागरिकों पर बोझ डाल रही है। खड़गे की यह टिप्पणी तब आई जब सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच, एक हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ा दीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खड़गे ने कहा, दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिए। पूरी भूमिका बनाकर, बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है।



भारत के तेल आयात और विदेश नीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि विश्वगुरु का झूठा दंभ भरने वाले पीएम मोदी ने अमेरिका से हाथ-पैर जोड़कर रूसी तेल खरीदने की इजाजत का एक महीने का एक्सटेंशन लिया है। हर बार ऐसा करके वो 140 करोड़ भारतीयों के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाते हैं। ऐसा पहले किसी पिछली सरकार ने नहीं किया है। अब सवाल है कि अगर सरकार के अनुसार, हमें ऐसा करने की अनुमति मिली हुई है, तो फिर पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों का बोझ अभी भी आम लोगों पर क्यों डाला जा रहा है? उन्होंने कहा कि मैं एक बार फिर दोहराता हूं भाजपा में दूरदर्शिता और नेतृत्व की भारी कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब संकट आया, तो वे चुनावों में व्यस्त रहे और जनता को लूटने की योजना बनाते हुए मीठी-मीठी बातों में लगे रहे। खड़गे ने कहा कि केवल विदेशों में प्रायोजित पीआर करने से विश्वगुरु नहीं बना जाता मोदी जी, जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी पड़ती है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी के दर्शन कर की सर्वकल्याण की प्रार्थना



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक के साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रवास के प्रथम दिन जगदलपुर में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तीन राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्रियों से भेंट एवं चर्चा की। प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बस्तर में पारम्परिक लोक नृत्यों और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के साथ ही विभिन्न कला शिल्पों और वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ की कला की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक कलाएं और लोक कलाकार प्रतिभा के धनी हैं।




## दिल्ली में 3 दिन नहीं चलेंगे टैक्सी-ऑटो, यूनियनों ने किया हड़ताल का ऐलान

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली के टैक्सी, ऑटो चालक और ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण किराए में वृद्धि की मांग को लेकर 21 से 23 मई तक 3 दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। इस दौरान टैक्सी, ऑटो और ट्रक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिससे लोगों को आने-जाने और माल ढुलाई में परेशानी होगी। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है।चालक शक्ति यूनियन के उपाध्यक्ष अनुज कुमार राठौर ने कहा, सीएनजी, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण मध्यम वर्ग के चालक अपने परिवारों का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए, दिल्ली के अन्य संगठनों के साथ चालक शक्ति यूनियन ने 21-23 मई तक चक्का जाम का आह्वान किया है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर, सरकार 1-2 सप्ताह के भीतर टैक्सी का किराया नहीं बढ़ाती है तो विरोध प्रदर्शन और उग्र होगा।यूनियनों ने टैक्सी चालकों के आर्थिक शोषण को रोकने के लिए सख्त नीतियां बनाने की भी मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि यूनियन ने पिछले साल दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसने टैक्सी चालकों की समस्याओं के समाधान और किराए में वृद्धि का निर्देश दिया था।

# अभिषेक बनर्जी के शांतिनिकेतन पर चलेगा बुलडोजर

### -कोलकाता नगर निगम ने थमाया नोटिस, दिया 7 दिनों का समय



कोलकाता,(आरएनएस)। बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद से ही एक्शन का दौर जारी है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद शुभेंदु अधिकारी ने साफ कर दिया था कि राज्य में किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा और हर जगह बुलडोजर की कार्रवाई होगी। इसी कड़ी में अब राज्य की सबसे हाई-प्रोफाइल शख्सियत और टीएमसी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के दो आलीशान आवासों पर कोलकाता नगर निगम (केएमसी) का डंडा चला है। नगर निगम ने अभिषेक बनर्जी के हरीश मुखर्जी रोड स्थित आवास शांतिनिकेतन और कालीघाट स्थित घर पर नोटिस चिपका दिया है। कोलकाता नगर निगम की नजर इस समय भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 73 के अंतर्गत आने वाले 121, कालीघाट रोड और 188ए, हरीश मुखर्जी रोड स्थित संपत्तियों पर है। हरीश मुखर्जी रोड पर स्थित शांतिनिकेतन एक बेहद आलीशान और विशाल महलनुमा बंगला है, जिसमें अभिषेक बनर्जी अपने परिवार के साथ रहते हैं। वहीं, कालीघाट रोड वाला घर उनकी मां लता बनर्जी के नाम पर है, जिसे लिप्स एंड बाउंड्स की संपत्ति के रूप में दिखाया गया है। निगम द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इन दोनों आवासों के निर्माण में कुछ हिस्से तय नक्शे (सैंक्शन प्लान) से बाहर जाकर बनाए गए हैं। नोटिस के जरिए पूछा गया है कि क्या इस अतिरिक्त निर्माण के लिए नगर निगम से कोई अनुमति ली गई थी? निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया है कि नोटिस मिलने के 7 दिनों के भीतर इस अवैध हिस्से को खुद ही तोड़ दिया जाए, अन्यथा कोलकाता नगर निगम खुद बुलडोजर चलाकर इसे ध्वस्त कर देगा।

## टैटू इंडस्ट्री को रेगुलेट करने की मांग, हाईकोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देशभर में टैटू इंडस्ट्री को रेगुलेट करने की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है. याचिका में टैटू पार्लरों के लिए अनिवार्य लाइसेंस, स्वच्छता मानक, टैटू इंक की जांच और नाबालिगों को बिना माता-पिता की अनुमति टैटू बनवाने पर रोक लगाने की मांग की गई है.याचिका वकील अभिषेक कुमार चौधरी ने दायर किया है. याचिका में मांग की गई है कि टैटू इंडस्ट्री को रेगुलेट करने के लिए एक यूनिफॉर्म मानदंड बनाया जाए. याचिका में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में देश भर में टैटू इंडस्ट्री करीब बीस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार करती है. इसके बावजूद टैटू इंडस्ट्री को रेगुलेट करने के लिए कोई स्पष्ट मानदंड तय नहीं किए गए हैं.याचिका में कहा गया है कि टैटू इंडस्ट्री को रेगुलेट नहीं करने की वजह से कई ऐसे लोग हैं, जिन्हें स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं. टैटू का इस्तेमाल करने वाले एक ही उपकरण से कई लोगों पर टैटू लगाए जाते हैं. इससे उन्हें खून के ट्रांसमिशन से होने वाले रोग जैसे हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और एचआईवी एड्स जैसे गंभीर रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

## पश्चिम बंगाल में फाल्टा विधानसभा सीट पर टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर ने वापस लिया नाम, 21 को मतदान

कोलकाता, (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित फाल्टा विधानसभा सीट पर 21 मई को होने वाले दोबारा मतदान से पहले बड़ा मोड़ आया है। यहां से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को अपना नाम वापस ले लिया। सीट पर 21 मई को दोबारा मतदान है और 24 मई को परिणाम घोषित किया जाएगा। टीएमसी के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी है, लेकिन इसके पीछे का कारण ज्ञात नहीं है।

जहांगीर ने सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट से अपनी सुरक्षा मांगी थी। उसने अपने खिलाफ एफआईआर को सार्वजनिक करने और दमनकारी कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की थी। कोर्ट ने आदेश दिया कि जहांगीर के खिलाफ दर्ज लंबित एफआईआर में 26 मई तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। जहांगीर के ऊपर मतदाताओं को डराने और धमकाने सेत कई गंभीर आरोप लगे हैं।

बंगाल की 293 सीटों के नतीजे 4 मई को घोषित किए गए, लेकिन चुनाव आयोग ने गंभीर चुनावी अपराधों और धांधली का हवाला देते हुए फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव रद्द कर दिया था। आरोप था कि फाल्टा के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को डराया और धमकाया गया। इस दौरान, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ कर विपक्षी उम्मीदवारों के नाम छिपा दिए गए। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे।फाल्टा सीट डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां से ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी सांसद हैं।



# मध्यप्रदेश में समय सीमा से पहले नक्सलवाद की समाप्ति में सफलता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्र के लिये 330 करोड़ रूपये की माइक्रो डेवलपमेंट योजना

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सुशासन के प्रयासों की दी जानकारी

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सम्पन्न मध्य क्षेत्रीय बैठक में प्रदेश में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों और सुशासन के प्रयासों की जानकारी दी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में सहभागिता करते हुए सहकारिता, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, शहरी विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, डिजिटल अधोसंरचना विकास, दूध उत्पादन आदि क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की प्रगति की जानकारी साझा की गई।




### समय के पहले खत्म किया नक्सलवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश ने केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा से पहले नक्सल समस्या का उन्मूलन करने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों में विशेष प्रयासों से सफलता प्राप्त की गई। जहां अनेक इनामी नक्सलवादियों ने समर्पण किया वहीं अनेक नक्सल तत्वों का सफाया भी किया गया। जवानों और सुरक्षा बलों को आवश्यक प्रोत्साहन भी दिया गया। नागरिकों के मन में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। बैठक में नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का संपूर्ण प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रदेश में नक्सलवाद से प्रभावित रहे क्षेत्रों के विकास के लिए नए लक्ष्य तय किए गए हैं। नक्सलवाद से प्रभावित रहे ग्रामों के लिए 330 करोड़ रुपये लागत की माइक्रो डेवलपमेंट योजना लागू की गई है। अलग-अलग योजनाओं के तहत सड़क, पुल, मोबाइल टॉवर, नई सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित की जा रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दंतेवाड़ा (छत्तीसगढ़) विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर अवलोकन किया

## पेट्रोल-डीजल पर टैक्स घटाकर जनता को 10 रुपए प्रति लीटर राहत दे सरकारः कमलनाथ

भोपाल(ए.)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए टैक्स में कटौती की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के



दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। मंगलवार से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है।कमलनाथ ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर कीमत वृद्धि को सही ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि मध्य प्रदेश में पेट्रोल-डीजल महंगा होने की सबसे बड़ी वजह राज्य सरकार द्वारा लगाया गया भारी टैक्स है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश की तुलना में पेट्रोल औसतन 13 रुपए और डीजल करीब 4 रुपए प्रति लीटर महंगा बिक रहा है। इसके पीछे राज्य सरकार की टैक्स नीति जिम्मेदार है।कमलनाथ के अनुसार, प्रदेश सरकार पेट्रोल पर 29 प्रतिशत वैट, 2.5 रुपए अतिरिक्त कर और 1 प्रतिशत सेस वसूल रही है, जबकि डीजल पर 19 प्रतिशत वैट, 1.5 रुपए अतिरिक्त कर और 1 प्रतिशत सेस लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता पेट्रोल पर 30 रुपए से अधिक और डीजल पर 20 रुपए से ज्यादा टैक्स चुका रही है।उन्होंने कहा कि टैक्स के बोझ के कारण भोपाल में पेट्रोल की कीमत 110.75 रुपए और डीजल 95.91 रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। इंदौर और जबलपुर में पेट्रोल 110.79 रुपए, ग्वालियर में 110.69 रुपए और उज्जैन में 111.27 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है।

## भोपाल ट्विशा शर्मा मौत मामला

# पति समर्थ सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी, बेल्ट की रिपोर्ट में आत्महत्या के संकेत





भोपाल(ए.) मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में नवविवाहिता ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला लगातार उलझता जा रहा है। हाईप्रोफाइल बन चुके इस केस में अब पुलिस जांच, फोरेंसिक रिपोर्ट, कानूनी लड़ाई और दोनों परिवारों के गंभीर आरोप-प्रत्यारोप ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं।मामले में सबसे बड़ा घटनाक्रम यह है कि मंगलवार को पुलिस ने ट्विशा के फरार पति समर्थ सिंह के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। पुलिस को आशंका है कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए विदेश भाग सकता है। वहीं, आत्महत्या में इस्तेमाल की गई बेल्ट की लिगेचर रिपोर्ट भी सामने आ गई है, जिसमें बेल्ट से फांसी लगाए जाने की पुष्टि हुई है। भोपाल पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और इमिग्रेशन विभाग को पत्र लिखकर समर्थ सिंह का पासपोर्ट निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस की छह टीमें लगातार अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। समर्थ सिंह पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। बताया जा रहा है कि समर्थ सिंह ने अग्रिम जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन कोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी। इसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई और तेज कर दी है।मामले में मंगलवार को आई लिगेचर रिपोर्ट ने जांच को नया मोड़ दे दिया। रिपोर्ट के अनुसार, ट्विशा की मौत उसी बेल्ट से दम घुटने के कारण हुई, जिसका इस्तेमाल फंदे के रूप में किया गया था। रिपोर्ट में आत्महत्या के संकेत बताए गए हैं। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। पोस्टमार्टम के दौरान कथित तौर पर वह बेल्ट डॉक्टरों को उपलब्ध नहीं कराई गई थी, जिससे फोरेंसिक जांच अधूरी रह गई। बाद में पुलिस ने बेल्ट जांच के लिए सौंपी। परिजनों का आरोप है कि इस चूक के कारण फंदे और गर्दन के निशानों का वैज्ञानिक मिलान सही तरीके से नहीं हो सका।भोपाल एम्स की शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ट्विशा के शरीर पर कई चोटों के निशान मिलने का उल्लेख किया गया है। मृतका के परिजन शुरुआत से ही इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। उनका कहना है कि ट्विशा के शरीर पर संघर्ष और मारपीट के संकेत मिले हैं, इसलिए मामले की जांच केवल आत्महत्या के एंगल से नहीं की जानी चाहिए। ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा और भाई मेजर हर्षित शर्मा ने दिल्ली एम्स में दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की है।

## जनसुनवाई में दिव्यांग स्वाति जायसवाल को प्रदान की गई ट्राई साइकिल

### जनसुनवाई में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सुनी आवेदकों की समस्याएं जनसुनवाई में 207 आवेदन प्राप्त हुए



भोपाल (ए.)। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 207आवेदन प्राप्त हुए।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में शिव शक्ति नगर, छोला रोड भोपाल से दिव्यांग स्वाति जायसवाल को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेश अनुसार सामाजिक न्याय निःशक्त कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साइकिल प्रदान की गई। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## भोपाल में महिला सशक्तिकरण पर मंथन, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर

### – मंत्री सुश्री भूरिया की अध्यक्षता में हुई महिला सशक्तिकरण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु गठित मंत्रि-परिषद समिति की बैठक



भोपाल(ए.)। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में महिला सशक्तिकरण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये गठित मंत्रि-परिषद समिति की बैठक हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित थी। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीतमी प्रतिमा बागरी बैठक में वर्चुवली शामिल हुईं। समिति द्वारा प्रमुख राज्य प्रवर्तित योजनाओं तथा महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त करने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता एवं योजनाओं में अपेक्षित बदलाव पर विस्तृत चर्चा की गई।

## मेडिकल स्टोर्स आज रहेंगे बंद ,भोपाल में 3 हजार दुकानों पर असर; दवा की ऑनलाइन बिक्री का विरोध

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में कल यानी 20 मई को दवा दुकानों की हड़ताल रहेगी। भोपाल में 3 हजार से ज्यादा मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) ने ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में यह बंद बुलाया है। भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि जिले के सभी रिटेल और थोक दवा व्यवसायी इस बंद का समर्थन करेंगे और 20 मई को अपनी दुकानें बंद रखेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि यह मुद्दा सीधे आम लोगों की सेहत से जुड़ा है। घर-घर पहुंच रही ऑनलाइन दवाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर अभी स्पष्ट सिस्टम नहीं है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

### अस्पतालों के मेडिकल बंद से मुक्त

एसोसिएशन के अध्यक्ष धाकड़ ने बताया कि ऑनलाइन दवा व्यापार की आड़ में नकली, एक्सपायरी




एवं गलत दवाओं के वितरण की संभावनाएं बढ़ रही हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

उन्होंने भोपाल की जनता से इस बंद के कारण होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है तथा नागरिकों से अपील की है कि वे 20 मई से पूर्व ही अपनी नियमित उपयोग की आवश्यक दवाओं का संग्रह कर लें।साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर्स को इस बंद से मुक्त रखा गया है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## जिला बदर आदेश के बाद भी शहर न छोड़ने वाले बैखोफ 9 बदमाश गिरफ्तार

### – क्राइम ब्रोच ने शहर के अलग-अलग थाना इलाको से दबोचा

भोपाल(ए.)। क्राइम ब्रांच भोपाल की टीमो ने शहर के अलग-अलग थाना इलाको से 9 ऐसे आदतन बैखौफ बदमाशो को गिरफ्तार किया है, जो



जिला बदर का आदेश होने के बाद भी शहर में ही घूम रहे थे। बदमाश शहर में रहते हुए पुलिस की नजरो से बचने के लिये छिपकर रहते हुए फरारी काट रहे थे, लेकिन क्राइम ब्रांच की टीमों ने उन्हें खोज निकाला। क्राइम ब्रांच की इस कार्यवाही से थाना पुलिस के नेटवर्क पर सवालिया निशान लग रहा है, कि आखिर उसे इनकी भनक क्यो नहीं लग सकी। अफसरो से मिली जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच टीम द्वारा जिला बदर किये गये ऐसे बदमाशो के साथ ही आदतन अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिनके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की गई थी।

# निगम ने हटाए विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण

### – ठेले, काउंटर, बोर्ड, टेबिल, कुर्सी, गेट, पाईप आदि सामान किया जप्त

भोपाल(ए.)। नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सी.एम. हेल्पलाईन, महापौर हेल्पलाईन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी,




पान पार्लर, काउंटर, स्टूल, टेबिल, गन्ने की चरखी, आवागमन में बाधक बग्गियां, दुकानें व दुकानों के बाहर रखा सामान, नाली पर अवैध रूप से रखी फर्शियां, अवैध रूप से बनीं दीवार तथा अवैध रूप से रास्ते पर लगा गेट आदि को हटवाया और ठेले, काउंटर, बोर्ड, टेबिल, कुर्सी, गेट, पाईप, जीने आदि जप्त किये।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को होशंगाबाद रोड इण्डस टाउन, 11 मील, शाहपुरा शैतान सिंह चौराहा, बिट्ठल मार्केट, लिंक रोड नं0-1, 2 व 3, जवाहर चैक, सरस्वती नगर, रोशनपुरा बाणगंगा, एम.पी. नगर जोन-1, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड पैराडाइस कालेज, अप्सरा टाकीज, पुष्पा नगर, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं0-1, द्वारका नगर, नादरा बस स्टेण्ड, छोला, डी.आई.जी बंगला, भोपाल टाकीज, बरखेड़ी, मंगलवारा आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ठेले, काउंटर, गुमठी, पान पार्लर, दुकानों के बाहर रखा सामान हटवाया साथ ही बाणगंगा पीतल मंदिर के पास अवैध रूप से बनीं 01 दीवार तोड़ी व रायसेन रोड स्थित पैराडाइज कॉलेज के सामने रास्ते पर अवैध रूप से लगा गेट हटाकर जप्त करने की कार्यवाही की तथा बरखेड़ी क्षेत्र में आवागमन में बाधक 02 बग्गियां भी हटवाई।

## भोपाल के डायल 112 हीरोज

### घर की राह भटके 05 वर्षीय मासूम को सुरक्षित परिजन से मिलाया

भोपाल(ए.)। भोपाल के थाना अयोध्या नगर क्षेत्र में डायल-112 जवानों की सतर्कता और संवेदनशील कार्यवाही से घर का रास्ता भटके एक 05 वर्षीय मासूम को सुरक्षित उसकी माँ से मिलाया गया। समय रहते की गई सहायता से परिजनों की चिंता और बेचैनी दूर हो सकी।18 मईको राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अयोध्या नगर क्षेत्र अंतर्गतइसरो एन सेक्टर स्थित दुर्गा मंदिरके पास एक छोटा बच्चा अकेला मिला है, जो अपने घर का रास्ता भटक गया है। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया।डायल-112 स्टाफ सउनि मोहमद सादिक एवं पायलट वैभव दुबेने मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। डायल-112 जवानों ने बालक को एफआरव्ही वाहन में साथ लेकर आसपास के क्षेत्र में परिजनों की तलाश एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ प्रारंभ की। तलाश के दौरान बालक की माँ अपने बच्चे को ढूँढ़ते हुए मिलीं। डायल-112 जवानों ने आवश्यक पहचान एवं सत्यापन उपरांत मासूम बच्चे को सुरक्षित उसकी माँ के सुपुर्द किया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने डायल-112 सेवा एवं पुलिस जवानों का आभार व्यक्त किया।

# विकास प्रक्रिया में जनजातीय समाज को शामिल करने प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बनाई नीतियां : मंत्री डॉ. शाह

### तकनीकी आधारित जनजाति विकास की अवधारणा पर कार्यशाला का शुभारंभ

भोपाल (ए.)। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज की पीड़ा को समझा और विकास प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियां बनायी हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष जैसी पहल से जनजातीय समाज के उत्थान के लिए ठोस कार्य हो रहे हैं। वे मंगलवार को भोपाल के आदि भवन में जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत तकनीकी आधारित सतत् जनजाति विकास अवधारणा पर आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में प्रमुख सचिव गुलशन बामरा, आयुक्त डॉ. सतेंद्र सिंह सहित प्रदेश से आए विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री डॉ. शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि वे वर्ष 1990 से लगातार जनजातीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। जनजातीय समाज के साथ लगातार कार्य किया है। विभागीय अधिकारी भी सतत् रूप से गांवों में और वनवासी अंचल के बीच जाएं और उनके जीवन को नजदीक से देखें। साथ ही प्रत्यक्ष अनुभव से जो परिस्थितियां सामने आती है उसे समझें और उसके अनुरूप कार्य करें। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजाति वर्ग के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को उनके द्वार तक पहुँचाने के लिए जन भागीदारी - सबसे दूर, सबसे पहले अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिविरों के माध्यम से 18 विभागों की 25 योजनाओं का लाभ जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को दिलाया जाएगा।मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि किस तरह से वनवासी अंचल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सन 1990 के दशक से लेकर अब तक स्थितियां बदल





गयी है। आज जनजातीय समाज, विकास की मुख्यधारा में शामिल हैं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में आंगनवाड़ी केंद्रों में 50 हजार पानी की बॉटल वितरित कर रहे हैं। साथ ही पहली से कक्षा बारहवीं कक्षा तक के 45 हज़ार बच्चों को पेयजल के लिए पानी की बॉटल प्रदान की हैं। अपने विधानसभा क्षेत्र की 150 ग्राम पंचायतों में वॉटर कूलर और आरओ लगाया हैं। इससे हर गाँव, हर स्कूल में शुद्ध पेयजल सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि जनजाति अंचल की बच्चियां शहर के कॉलेज जाने में हिचकिचाती हैं और सुविधाओं के अभाव में उच्च शिक्षा छोड़ भी देती है। ऐसी परिस्थितियों में उन्होंने प्रायोगिक तौर पर अपने क्षेत्र में 4 बसें संचालित की, जिससे कॉलेज जाने वाली बालिकाओं की संख्या 30 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार होना चाहिए।

# ऊर्जा मंत्री ने इंदौर में बिजली उपभोक्ताओं से की सीधे बात

## विद्युत आपूर्ति में लापरवाही पर 2 इंजीनियरों को नोटिस



इंदौर (आरएनएस)। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार रात इंदौर शहर के बिजली सब स्टेशनों का दौरा किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से सीधे बात की, बिजली आपूर्ति के संबंध में प्रथम दृष्टया स्थानीय इंजीनियरों की लापरवाही पाए जाने पर 2 के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री श्री सिंह ने इंदौर के ओल्ड पलासिया पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। कुछ उपभोक्ताओं ने बार-बार बिजली जाने की शिकायत की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने मुख्य अभियंता आरसी जैन को ओल्ड पलासिया, मनोरमागंज क्षेत्र के बिजली इंजीनियरों सत्यप्रकाश जायसवाल और कमलेश टाले को नोटिस देने के निर्देश दिए। मंत्री श्री तोमर ने निर्देश दिए हैं कि मेंटेनेंस गुणवत्ता से हो ताकि बिजली बार-बार न जाए, मेंटेनेंस की सूचना स्थानीय रहवासियों को दी जाए। बिजली आपूर्ति के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर 2 इंजीनियरों को मंगलवार दोपहर नोटिस जारी कर दिए गए। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिहं चौहान, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, शहर अधीक्षण अभियंता डीके गाठे आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### खौफनाक हमला! आवारा श्वान ने घर में सो रही मासूम को मुंह में दबाया, दो सगी बहनें गंभीर घायल – इलाके में दहशत

जबलपुर (ए.)। पाटन के ग्राम आगासौद गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब घर के सामने खेल रही तीन साल की मासूम बच्ची पर आवारा श्वान ने हमला कर दिया। मां ने जब बच्ची को बचाने की कोशिश की तो श्वान अंदर घुस गया और अंदर सो रही 6 माह की मासूम को मुंह में दबाकर भागा। उसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया, दोनों बच्चियां गंभीर है उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पाटन अस्पताल से बच्चियों को मेडिकल रेफर किया गया है। लेकिन परिजनों ने बच्चियों को निजी अस्पताल में भरती कराया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार आगासोद निवासी नरेश व उसकी पत्नी सुलोचना भवेदी दो मजदूरी करते है।

# कृषि रथ ने किया पाटन में चार गाँवों का भ्रमण.

**किसानों को सिखाए प्राकृतिक खेती के गुर, कृषक ने ली रसायन मुक्त खेती की शपथ.**

जबलपुर(ए.)। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को "कृषि वर्ष" के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में कृषि रथ किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार गांवों का भ्रमण कर रहा है।



इसी कड़ी में आज विकासखंड पाटन की चार ग्राम पंचायतों- उजरोड़, नुनसर, रोझा और सेमरा में कृषि रथ पहुँचा, जहाँ किसानों ने इसका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पोर्टल पर जुड़े खसरे, उर्वरक के लिए मिले ई-टोकन : कृषि रथ के भ्रमण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। मौके पर ही किसानों के खसरे को एग्री स्टेक पोर्टल से जोड़ा गया तथा किसानों को खाद और उर्वरक की उपलब्धता आसान बनाने के लिए ई-विकास पोर्टल के माध्यम से टोकन जनरेट करने की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों की खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान भी कृषि अधिकारियों ने किया। किसान ने लिया प्राकृतिक खेती करने का संकल्प: कृषि रथ के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस दौरान ग्राम उजरोड़ के प्रगतिशील कृषक मोहनलाल पटेल के खेत पर जीवामृत बनाने का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। किसानों को बताया गया कि किस तरह बिना रसायनों के बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का 7 दिनों में निराकरण करें अधिकारी : प्रभारी मंत्री श्री पटेल

**प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं**

बैतूल (आरएनएस)। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से



सुनीं और अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को समय पर राहत पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों का व्यवस्थित निराकरण सात दिनों के भीतर किया जाए, ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम अंधारिया निवासी रामकिशोर के सीमांकन संबंधी आवेदन पर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने आमला एसडीएम को एक सप्ताह में आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। वहीं भयावाड़ी में नदी में अवैध उत्खनन की शिकायत पर शाहपुर एसडीएम को निरीक्षण के निर्देश दिए। बैतूल तहसीलदार द्वारा पट्टा वाला मकान तोड़े जाने की शिकायत पर प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने बैतूल एसडीएम को तत्काल निरीक्षण कर आवेदक की समस्या की निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा भी प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने जनसुनवाई में आए ग्रामीणों की समस्याओं पर सुनवाई कर त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# मंदिर की खुदाई में मिले प्राचीन चांदी के सिक्के, मुडारी गांव में जुटी लोगों की भीड़



सागर, (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहगढ़ क्षेत्र अंतर्गत मुडारी गांव में स्थित ठाकुर बब्बा मंदिर परिसर की खुदाई के दौरान प्राचीन चांदी के सिक्के मिलने से इलाके में उत्सुकता का माहौल बन गया। सिक्के मिलने की खबर फैलते ही मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सिक्कों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में निर्माण और जीर्णोद्धार कार्य के लिए खुदाई की जा रही थी। इसी दौरान मिट्टी में दबे कुछ चमकीले धातु के टुकड़े दिखाई दिए। जांच करने पर वे पुराने चांदी के सिक्के निकले। मौके पर मौजूद लोगों में सिक्कों को लेकर उत्सुकता बढ़ गई, जिसके बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक तौर पर सिक्कों की बनावट और उन पर बने चिन्हों को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि वे ब्रिटिश काल या उससे संबंधित समय के हो सकते हैं।जानकारों के अनुसार ये सिक्के वर्ष 1837 से 1901 के बीच के हो सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। सूचना मिलते ही नवीन ठाकुर, प्रदीप वाल्मीकि और विजयकांत त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने सभी सिक्कों को सुरक्षित रूप से जब्त कर लिया है और मंदिर परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसडीएम नवीन ठाकुर ने बताया कि सिक्कों की वास्तविक उम्र और ऐतिहासिक महत्व का पता लगाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि ये सिक्के किस कालखंड से संबंधित हैं।ग्रामीणों के बीच इस खोज को लेकर खासा उत्साह है। कई लोग इसे मंदिर से जुड़ा चमत्कार मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे किसी पुराने काल के दबे खजाने से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है।

## सिख समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह सम्पन्न



इन्दौर (ए.) सिख समाज के युवक युवतियों का विवाह समारोह गुरुद्वारा श्री गुरु हरिराय साहिब गांधी नगर में सम्पन्न हुआ। संयोजक सरदार मंजीत सिंह टुटेजा के अनुसार समारोह दोनों पक्षों के लिए निशुल्क रखा गया था और इसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की और से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी शुरू करने के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई। समारोह में उपस्थित समाजजनों ने भविष्य में भी इसी तरह के निशुल्क विवाह समारोह करने और फिजुल खर्च से बचने का निर्णय लिया। समारोह में दोनों पक्षों के साथ आए मेहमानों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई एवं गर्मी से राहत के लिए ठंडे शरबत की छबील भी लगाई। विवाह समारोह में मुख्य रूप से गुरुसिंह सभा के प्रधान रघुवीर सिंह खनूजा, सदस्य सतवीर सिंह छाबड़ा, संदीप पाल सिंह, दिदार सिंह शामिल हुए। संयोजक मंजीत सिंह टुटेजा ने स्वागत किया एवं नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# व्यापार समाचार

## हूंडई एक्सटर के सीएनजी को दो लाख रुपये में घर ले जाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)।,। चार पहिया गाड़ी की आज के समय में हर परिवार को जरूरत है। जिसमें ह्यूंडई की ओर से एसयूवी सेगमेंट में ह्यूंडई एक्सटर की बिक्री की जाती है। अगर आप भी इस गाड़ी के सीएनजी वेरिएंट को घर लाने का मन बना रहे हैं, तो दो लाख रुपये की डाउन पेमेंट करने के बाद हर महीने कितने रुपये की ईएमआई देकर इसे घर लाया जा सकता है। हम आपको इस खबर में बता रहे हैं। ह्यूंडई की ओर से E&ter के सीएनजी वेरिएंट के तौर पर HXw को ऑफर किया जाता है। निर्माता इस एसयूवी के सीएनजी वेरिएंट को सात लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध करवा रही है। अगर इसे दिल्ली में खरीदा जाता है तो सात लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत के साथ ही इस पर रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस भी देना होगा। इस गाड़ी को खरीदने के लिए करीब 49 हजार रुपये का रजिस्ट्रेशन टैक्स, करीब 38 हजार रुपये इंश्योरेंस के देने होंगे। जिसके बाद गाड़ी की दिल्ली में ऑन रोड कीमत 7.87 लाख रुपये हो जाती है।

# सरकार ने बनाया बड़ा प्लान, पेट्रोल में अब 30% तक एथेनॉल मिलाने की तैयारी

नई दिल्ली(आरएनएस)। देश में पेट्रोल की बढ़ती खपत और विदेशी कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए केंद्र सरकार अब एथेनॉल ब्लेंडिंग को नई ऊंचाई तक ले जाने की तैयारी में जुट गई है। मौजूदा श्व20 योजना के बाद अब सरकार E22, E25, E27 और E30 फ्यूल मॉडल पर तेजी से काम कर रही है। यानी आने वाले समय में पेट्रोल में 30 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाने का रास्ता तैयार किया जा रहा है।सरकार के इस कदम को भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक सप्लाई संकट ने भारत को वैकल्पिक ईंधन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए मजबूर किया है। ऐसे में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को भविष्य के बड़े समाधान के तौर पर देखा जा रहा है।18 मई को जारी अधिसूचना में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (BIS) ने नए एथेनॉल ब्लेंड फ्यूल के लिए तकनीकी मानक तय कर दिए हैं। ये नियम 15 मई 2026 से लागू हो चुके हैं। फिलहाल देशभर में श्व20 फ्यूल लागू किया जा रहा है, जिसमें पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है, लेकिन अब




सरकार इससे आगे की तैयारी में जुट गई है।नई गाइडलाइन में ऐसे इंजन और वाहनों के लिए विशेष तकनीकी मानदंड तय किए गए हैं, जो अधिक एथेनॉल मिश्रित ईंधन पर चलेंगे। इसमें फ्यूल की गुणवत्ता, ऑक्टेन लेवल, सल्फर सीमा, पानी की मात्रा, वाष्प दबाव, जंग से सुरक्षा और फ्यूल की स्थिरता जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार का उद्देश्य भविष्य की फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों को सुरक्षित, टिकाऊ और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है।विशेषज्ञों का मानना है कि ज्यादा एथेनॉल मिश्रण से पेट्रोल आयात पर खर्च घटेगा, किसानों को गन्ना और अन्य फसलों के जरिए अतिरिक्त आय मिलेगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।एथेनॉल उद्योग से जुड़े संगठनों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत का कहना है कि इससे देश में अतिरिक्त एथेनॉल उत्पादन का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और स्वच्छ ईंधन आधारित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। आंकड़ों के मुताबिक भारत की एथेनॉल उत्पादन क्षमता करीब 2 अरब लीटर तक पहुंच चुकी है, जबकि तेल कंपनियों द्वारा इसकी खरीद अभी लगभग 1 अरब लीटर तक सीमित है।सरकार की इस नई रणनीति को भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 114 , निफ्टी 31 अंक गिरा**

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार मंगलावार को हल्की गिरावट पर




बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला पर बाजार बंद होने से कुछ ही समय पहले इसमें गिरावट आने लगी । अंतिम घंटे में बैंक, वित्तीय और धातु शेयरों में गिरावट से बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 114.19 अंक टूटकर 75,200.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 31.95 अंक फिसलकर 23,618 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। कोटक महिंद्रा के अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, सन फार्मा, अडानी पोर्ट्स, इंडिगो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस के शेयरों भी गिरावट रही जबकि इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टीसीएस के शेयर उछले। निफ्टी पर टाइटन कंपनी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। ब्रॉडर मार्केट्स में निफ्टी मिडकैप में 0.91 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप में 1.17 फीसदी बढ़त रही। वहीं निफ्टी प्राइवेट बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। निफ्टी बैंक और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर भी गिरे। निफ्टी आईटी, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी केमिकल में भी तेजी रही। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सुबह निफ्टी 87 अंक की बढ़त के साथ 23,726.6 के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, सेंसेक्स भी 320.09 अंक की तेजी के साथ 75,651.53 पर कारोबार कर रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि अन्य पश्चिम एशियाई देशों के अनुरोध के बाद एक प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को रोक दिया गया है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि क्षेत्र में ऐसा समझौता संभव है जो अमेरिका और अन्य देशों के लिए स्वीकार्य होगा और जिसमें परमाणु हथियारों को शामिल नहीं किया जाएगा।

# सोने की कीमत में उछाल, चांदी के भाव पड़े नरम

**– सोना 589 रुपए तेजी के साथ 1,59,899 पर, चांदी 2,75,851 रुपए प्रति किलोग्राम**



नई दिल्ली (ए.)। घरेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी के भाव में विपरीत रुझान देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जहां सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 150 रुपए की तेजी के साथ 1,59,551 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, वहीं चांदी का जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 800 रुपए की गिरावट के साथ 2,75,851 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया था। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट पिछले बंद भाव 1,59,401 से 589 रुपए की बढ़त के साथ 1,59,899 रुपए के स्तर पर खुला। दिन के कारोबार में इसने 1,59,851 रुपए का उच्च स्तर और 1,59,161 रुपए का निचला स्तर छुआ। खबर लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 150 रुपए की तेजी के साथ ?1,59,551 पर बना हुआ था। इस साल सोने के वायदा भाव 1,80,779 रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक पहुंच चुके थे। चांदी के वायदा भाव में गिरावट सोने के विपरीत, चांदी के वायदा भाव में नरमी का रुख रहा। एमसीएक्स पर चांदी का जुलाई कॉन्ट्रैक्ट 380 रुपए की गिरावट के साथ 2,76,271 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि इसका पिछला बंद भाव 2,76,651 रुपए था। कारोबार के दौरान चांदी ने 2,76,272 रुपए का उच्चतम और 2,75,221 रुपए का न्यूनतम स्तर देखा। रिपोर्ट लिखे जाने तक यह कॉन्ट्रैक्ट 800 रुपए की गिरावट के साथ 2,75,851 रुपए पर कारोबार कर रहा था। चांदी ने इस साल 4,20,048 रुपए प्रति किलोग्राम का सर्वोच्च स्तर छुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नरमी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव में गिरावट दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोना 4,570.60 रुपए प्रति औंस पर खुला, लेकिन बाद में 4.10 रुपए गिरकर 4,553.90 रुपए प्रति औंस पर आ गया। वहीं चांदी के वायदा भाव 78.05 रुपए पर खुलने के बाद 0.49 की गिरावट के साथ 76.95 रुपए प्रति औंस पर कारोबार कर रहे थे। इस साल कॉमेक्स पर सोने ने 5,586.20 रुपए और चांदी ने 121.79 रुपए के उच्चतम स्तर को छुआ था।

## जाइडस वेलनेस का मुनाफा वित्त वर्ष 26 में 47 प्रतिशत घटकर 197 करोड़ रुपए रहा

मुंबई (आरएनएस)। कंज्यूमर कंपनी जाइडस वेलनेस ने सोमवार को वित्त वर्ष 26 के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा बीते पूरे वित्त वर्ष के लिए 47 प्रतिशत घटकर 197 करोड़ रुपए हो गया है। हालांकि, इस दौरान कंसोलिडेटेड बिक्री 46.4 प्रतिशत बढ़कर 3,940 करोड़ रुपए हो गई है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 6 प्रतिशत कम होकर 162 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 26 की मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड आय सालाना आधार पर 62.1 प्रतिशत बढ़कर 1,476 करोड़ रुपए हो गई है। कंपनी ने कहा कि वर्ष के दौरान राजस्व वृद्धि नए अधिग्रहीत व्यवसायों के योगदान से प्रेरित थी, हालांकि एकीकरण संबंधी खर्चों और उच्च परिचालन लागतों के कारण मुनाफे पर दबाव बना रहा।परिचालन प्रदर्शन अपेक्षाकृत स्थिर रहा, वित्त वर्ष 2026 में एबिटा में वार्षिक आधार पर 34.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 509 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 26 के लिए 2 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर पर 1.20 रुपए के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है, जो 4 अगस्त को होने वाली वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है।कंपनी ने बताया कि उसके प्रमुख ब्रांडों में, शुगर फ्री ने चीनी के विकल्प वाले सेगमेंट में 96.1 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अपना दबदबा बरकरार रखा है।इस ब्रांड ने शुगर फ्री डी लाइट चोको स्प्रेड जैसे नए उत्पादों को लॉन्च करके संबंधित श्रेणियों में भी विस्तार किया है।प्रोटीन स्नैकिंग ब्रांड राइटबाइट मैक्स प्रोटीन ने अपने परिचालन को लगातार बढ़ाया और लाभप्रदता में सुधार करते हुए लगभग दोहरे अंकों के एबिटा मार्जिन को हासिल किया।







## उत्तराखंड में बड़ा हादसा टला, उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरे; सामने आई भयावह तस्वीरें



ऋषिकेश ,(आरएनएस)। सोमवार रात ऋषिकेश में खांड गांव विस्थापित क्षेत्र के पास उज्जैनी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना के बाद रेल प्रशासन की ओर से राहत और बचाव अभियान जारी है। क्रेन की मदद से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए उज्जैनी एक्सप्रेस के तीनों कोच को पटरी से हटाया जा रहा है। हादसे की भयावह तस्वीरें भी सामने आई हैं। राहत की बात यह रही कि हादसे के समय ट्रेन में कोई सवार नहीं था। रेलवे ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा इतना भीषण था कि एक डिब्बा पूरी तरह पटरी से अलग होकर ट्रैक के बाहर लटक गया। ट्रेन के संचालन को लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। सोमवार रात करीब 9:23 बजे स्टेशन यार्ड में ट्रेन का ट्रैक बदला जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद पटरियों पर भारी भीड़ जमा हो गई। जीआरपी के जवानों ने मोर्चा संभाला और लोगों को घटनास्थल से हटाया।बता दें कि हाल ही में राजस्थान के कोटा में 17 मई की तड़के राजधानी एक्सप्रेस के एक कोच में भीषण आग लग गई थी। गनीमत रही कि उस हादसे में भी कोई घायल नहीं हुआ था। आग राजधानी एक्सप्रेस की एक एसी बोगी में लगी थी, जिसमें 68 यात्री सवार थे। कोटा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने बयान में कहा था कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

## पहाड़ी पर लटका मिला बेंगलुरु में तैनात डीआरडीओ इंजीनियर का शव, इलाके में मचा हड़कंप

रामगढ़ (आरएनएस)। रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तालाटांड भूइंया टोली निवासी कमल किशोर महतो (35) का शव मंगलवार सुबह घर के समीप पहाड़ी पर फंदे से झूलता मिला। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक कमल किशोर महतो, प्रभु महतो के पुत्र थे और भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), बेंगलुरु में अभियंता के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, वह अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ 19 अप्रैल को गांव आया था।कमल के पिता प्रभु महतो ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक तनाव में था और उसे नींद नहीं आने की शिकायत रहती थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को इलाज के लिए रांची के एक चिकित्सक से उसका अपॉइंटमेंट भी तय था।ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार रात करीब 11 बजे कमल को घर के बाहर टहलते हुए देखा गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मंगलवार सुबह उसका शव पहाड़ी पर फंदे से लटका मिला, जिसके बाद घटना की सूचना पतरातू पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार ने बाइक को मारी ठोकर, देवर-भाभी की मौत, मंजर देख दहल उठा लोगों का दिल

उन्नाव ,(आरएनएस)। एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार देवर-भाभी को ठोकर मार दी. घटना में दोनों की मौत हो गई. हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों की लाश का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा. पुलिस घटना की जांच कर रही है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि घटना मौरावां-अकोहरी मार्ग पर लच्छीखेड़ा गांव के मोड़ के पास उस वक्त घटी, जब युवक अपनी भाभी को मायके से ससुराल ले जाने के लिए पहुंचा था. देवर अपनी भाभी को बाइक पर बिठाकर घर ले जा रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दी. हादसा इतना भयानक था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए. दोनों ट्रक के पहिए के नीचे आ गए. घटना में मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों की लाश को पीएम के लिए भेजा. मृतकों की पहचान काजल (33) और देवर अनिल सिंह (32) के रूप में हुई है. पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है. शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाने की बात पुलिस कह रही है।

# राजनाथ सिंह और वियतनाम के राष्ट्रपति की मुलाकात, रक्षा व इंडो-पैसिफिक स्थिरता पर सहमति

नई दिल्ली, (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने आधिकारिक वियतनाम दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने मंगलवार को यहां वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी व राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात कर भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम से की मुलाकात के दौरान रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी और राष्ट्रपति तो लाम से मिलकर उन्हें सम्मान की अनुभूति हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं भी पहुंचाईं और इस बात को दोहराया कि भारत, वियतनाम के साथ रक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग, भारत और वियतनाम के बीच एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और वियतनाम के संबंध आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में करीबी सहयोग पर आधारित हैं। दोनों देश क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षित समुद्री व्यवस्था के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन और सहयोग की नीति को आगे बढ़ाने के लिए वियतनाम के साथ अपने संबंधों को अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है।इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के रक्षा मंत्री सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों देशों के बीच तेजी से विकसित हो रहे रक्षा संबंधों की समीक्षा की गई। साथ ही समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, सैन्य प्रशिक्षण और क्षेत्रीय स्थिरता के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई।




बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और वियतनाम के बीच रक्षा साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। दोनों देशों ने रक्षा उत्पादन, क्षमता निर्माण, सैन्य प्रशिक्षण और समुद्री सहयोग को नई दिशा देने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि भारत, वियतनाम के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विशेषज्ञों के अनुसार भारत और वियतनाम के बीच बढ़ता रक्षा सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों देश समुद्री सुरक्षा, स्वतंत्र नौवहन और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर समान दृष्टिकोण रखते हैं। ऐसे समय में जब क्षेत्रीय भू-राजनीतिक चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं, भारत और वियतनाम का सहयोग एशिया में शांति और स्थिरता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

गौरतलब है कि मंगलवार को ही भारत और वियतनाम के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा क्वांटम तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यह समझौता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुआ। इसे दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी में एक बड़ा और भविष्य उन्मुख कदम बताया जा रहा है। राजनाथ सिंह ने वियतनाम के साथ समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, सैन्य प्रशिक्षण तथा क्षेत्रीय स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा भी की है

## बाबा बागेश्वर की बद्रीनाथ साधना चर्चा में, भारतीय जवानों से मुलाकात की तस्वीरें वायरल

बदरीनाथ(आरएनएस)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों हिमालय की गोद में बेहद कठिन आध्यात्मिक साधना में लीन हैं। वे चार धामों में से एक, प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के समीप 10 हजार फीट से भी अधिक की ऊंचाई पर तपस्या कर रहे हैं। इस दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में एक साधारण सी कुटिया बनाकर रह रहे बाबा बागेश्वर बर्फीली हवाओं और बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच अपनी इस साधना को पूरा करने में जुटे हैं।हिमालय के इस दुर्गम इलाके में बाबा बागेश्वर की यह 11 दिनों की कठिन तपस्या आगामी 21 मई को संपन्न होगी। अपनी इस साधना के दौरान उन्होंने देश की सीमाओं की मुस्तैदी से रक्षा कर रहे भारतीय सेना के जवानों से भी विशेष मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जवानों का कुशलक्षेम जाना और विभिन्न विषयों पर उनसे आत्मीय चर्चा की। इसके साथ ही, उन्होंने क्षेत्र के अन्य साधु-संतों से भेंट कर सनातन धर्म और अध्यात्म से जुड़े गूढ़ विषयों पर संवाद भी किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओस्लो में फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ बैठक की।

## रेलवे ने जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपए की लागत से महत्वपूर्ण ढलान स्थिरीकरण, सुरंगों के पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपये की लागत से महत्वपूर्ण ढलान स्थिरीकरण, सुरंग पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी है। इन कार्यों में जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मार्ग पर संवेदनशील स्थानों पर पुनर्निर्माण, सुरंगों से रिसाव की समस्या का समाधान और अन्य संबंधित सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि ये कार्य देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में सुरक्षित और विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि कटिंग, पुलों और सुरंगों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद संरक्षण और पुनर्वास कार्यों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस खंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता मजबूत होगी।

कठिन भूभाग, प्रतिकूल भूवैज्ञानिक स्थितियों और प्रतिकूल मौसम के कारण इस खंड को कई इंजीनियरिंग



और परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हालांकि रेलवे ने समय-समय पर क्रियान्वयन और मजबूत बुनियादी ढांचा विकास के माध्यम से इन चुनौतियों पर लगातार काबू पाया है। मौजूदा बुनियादी ढांचे के लिए नए संरक्षण और पुनर्वास कार्यों की मंजूरी के साथ, यह मार्ग पहले से अधिक बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा और हर साल लाखों यात्रियों को अधिक सुरक्षा और विश्वास के साथ सेवा प्रदान करने के लिए तैयार है।

## राहुल गांधी बोले- आर्थिक शॉक आ रहा, जो अदाणी, अंबानी और प्रधानमंत्री को नहीं लगेगा; आप पर ही इसका बोझ आएगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो आर्थिक ढांचे बदला है, उससे तूफान आने वाला है। यूपी की जनता को शॉक लगेगा। आर्थिक शॉक आ रहा है।



अदाणी, अंबानी या प्रधानमंत्री मोदी को नहीं लगेगा। वह यूपी के युवाओं, किसानों और छोटे व्यापारियों को लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन लेने के बजाय प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि प्रधानमंत्री मोदी खुद दुनिया के चक्कर कांट रहे हैं।

राहुल ने कहा, पेट्रोल के दाम बढ़ते जा रहे हैं। महंगाई आसमान के ऊपर जा रही है। वह कहते हैं कि राहुल को कोई समझ नहीं है। हम उनसे आज भी कह रहे हैं कि आप एक्शन लीजिए, जनता की रक्षा कीजिए। लेकिन, उनको कुछ लेना देना नहीं है। कभी हवाई जहाज से नॉर्वे चले जाते हैं, कभी जापानी चले जाते हैं, कभी कहीं और चले जाते हैं।राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी कहते है कि सोना मत खरीदो, इलेक्ट्रिक गाड़ी खरीदो, विदेश मत जाओ। इतना कहने के बाद नरेंद्र मोदी विदेश चले जाते हैं। दुख की बात है कि अब जबरदस्त आर्थिक तूफान आने वाला है, जिसको कोई रोक नहीं सकता।ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो आपने हमने कभी जिंदगी में नहीं देखा होगा। इसकी चोट किसको लगेगी।

# सनकी पति ने पत्नी और 3 मासूम बच्चों को उतारा मौत के घाट, खुद को भी किया लहूलुहान; हैरान कर देगी वजह

दरभंगा,(आरएनएस)। बिहार के दरभंगा जिले से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक सनकी पति ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए अपनी ही पत्नी और तीन मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी है। इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और हर कोई दहशत में है। मंगलवार सुबह पतौर थाना क्षेत्र के चंदनपट्टी में इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच हुए एक पारिवारिक विवाद ने इतना भयानक रूप ले लिया कि एक हंसता-खेलता परिवार पल भर में खत्म हो गया।

### डंडे और रॉड से पीट-पीटकर ली जान, खुद को भी किया लहूलुहान

आरोपी पति की पहचान बंगाल के दालकोला जिले के कुंडी थाना क्षेत्र निवासी संदीप दास उर्फ बिल्टू दास के रूप में हुई है। वह अपनी 30 वर्षीय पत्नी फूल कुमारी दास और तीन बच्चों- सात साल के हृदय दास, छह साल की संध्या दास और पांच साल के मासूम सोन दास के साथ चंदनपट्टी स्थित एक मुर्गा फार्म में रहता था और मजदूरी करता था। मृत बच्चों के मामा मंगू दास के मुताबिक, मंगलवार तड़के किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। गुस्से में आगबबूला हुए संदीप ने डंडे और लोहे की रॉड से अपनी पत्नी और तीनों मासूम बच्चों को



पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम देने के बाद सनकी पति ने खुद का भी सिर फाड़ लिया और खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया। फिलहाल उसे भारी सुरक्षा के बीच इलाज के लिए डीएमसीएच (DMCH) में भर्ती कराया गया है।

### चीख-पुकार सुनकर दौड़े मजदूर, जांच में जुटी पुलिस और FSL की टीम

घटना के समय मुर्गी फार्म में काम करने वाले अन्य मजदूर मुर्गियों को चारा-पानी दे रहे थे। फार्म में ही काम करने वाली सुनीता दास ने बताया कि अहले सुबह संदीप के कमरे से बुरी तरह मारपीट और चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। हल्ला सुनकर जब सभी मजदूर वहां इकट्ठा हुए तो कमरे का खून से लथपथ खौफनाक मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। चारों बुरी तरह घायल पड़े थे और संदीप का भी सिर फटा हुआ था। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पतौर और एपीएम थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी और सदर एसडीपीओ भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को भी मौके पर बुला लिया है, जो इस रूह कंपा देने वाले हत्याकांड के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है।

## रामलला के दर्शन करने करने जा रहे थे 5 लोग, रास्ते में हुआ कुछ ऐसा कि 3 की चली गई जान

गोरखपुर,(आरएनएस)। जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई. घटना इतनी भयानक थी कि कार सवार 3 लोगों की मौत हो गई. वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए. हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया. जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया।

बता दें कि घटना खोराबार थाना क्षेत्र के भैसहा के पास उस वक्त घटी, जब बिहार से कार में 5 लोग सवार होकर अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए जा रहे थे. इसी दौरान चालक को झपकी आ गई और कार से नियंत्रण खो दिया. कार डिवाइडर को तोड़ते हुए सड़क के नीचे उतर गई और पलट गई. घटना में मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई।

# बंगाल में शुभेंदु सरकार का बड़ा फैसला, इमाम-पुजारियों को मिलने वाली सरकारी मदद बंद; ओबीसी लिस्ट भी होगी रद्द

कोलकाता(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े और ऐतिहासिक फैसले लेकर राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है। कैबिनेट बैठक में लिए गए दो सबसे बड़े फैसलों के तहत, राज्य में धार्मिक आधार पर दी जाने वाली तमाम सरकारी वित्तीय सहायता को आगामी जून महीने से पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए राज्य की मौजूदा अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) सूची को भी स्क्रैप (रद्द) करने का निर्णय लिया गया है। कैबिनेट मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि अब ओबीसी कोटे की पात्रता तय करने के लिए एक नए पैनल का गठन किया जाएगा।



राज्य के सूचना और सांस्कृतिक मामले विभाग तथा अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग द्वारा धार्मिक वर्गीकरण के आधार पर चलाई जा रही सभी योजनाएं केवल इस महीने के अंत तक ही प्रभावी रहेंगी। आगामी 1 जून से इन सभी योजनाओं को पूरी तरह रोक दिया जाएगा और इस संबंध में बहुत जल्द अलग से आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। सरकार का स्पष्ट मानना है कि कोई भी जनकल्याणकारी कार्यक्रम धार्मिक पहचान के आधार पर नहीं चलाया जाना चाहिए, बल्कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग को समान रूप से मिलना चाहिए।

शुभेंदु सरकार का यह फैसला राज्य की पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस (TMC) सरकार की नीतियों पर एक बड़ा यू-टर्न माना जा रहा है। ममता बनर्जी सरकार ने साल 2012 में सत्ता में आने के ठीक एक साल बाद राज्य भर के इमामों के लिए मासिक मानदेय की घोषणा की थी, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर रजिस्टर्ड इमामों को प्रति माह 2500 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती थी। इसके बाद मस्जिद में नमाज के लिए पुकार लगाने वाले मुअज्जिनों के लिए भी ऐसा ही वित्तीय सहायता कार्यक्रम शुरू किया गया। इन दोनों योजनाओं का फंड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से जारी होता था। इसके बाद, साल 2020 में आलोचनाओं का जवाब देने के लिए हिंदू पुजारियों (पुरोहितों) के लिए भी मासिक भत्ता शुरू किया गया था, जिसे साल 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले संशोधित कर 2000 रुपये प्रति माह कर दिया गया था। अब इन सभी भत्तों पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने का एलान किया।

### पीएम किसान 23वीं किस्त

## बैंक खाते में कब आएंगे 2000 रुपए?, तुरंत निपटा लें ये 3 काम वरना अटक जाएगा पैसा

नई दिल्ली ,,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) का लाभ उठा रहे करोड़ों किसानों के लिए एक बेहद जरूरी और काम की खबर है। अगर आप भी खेती-किसानी के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, तो 23वीं किस्त को लेकर यह बड़ा अलर्ट आपके लिए ही है। गौरतलब है कि बीते 13 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से इस योजना की 22वीं किस्त जारी की थी, जिसके तहत देश भर के 9.3 करोड़ से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए दो-दो हजार रुपये भेजे गए थे। अब एक बार फिर देशभर के अन्नदाताओं की निगाहें अगली यानी 23वीं किस्त पर टिक गई हैं। यह पैसा सीधा किसानों के बैंक खाते में आता है, लेकिन आपकी थोड़ी सी लापरवाही इस बड़ी आर्थिक राहत को बीच में ही रोक सकती है।पीएम किसान योजना के तहत सरकार हर साल किसानों को कुल 6,000 रुपये की नकद आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जिसे दो-दो हजार रुपये की तीन किस्तों में बांटा गया है। योजना के सिस्टम के मुताबिक, पहली किस्त अप्रैल से जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त से नवंबर के दौरान और तीसरी किस्त दिसंबर से मार्च के बीच जारी की जाती है। चूंकि 22वीं किस्त मार्च 2026 में आ चुकी है, इसलिए अब अप्रैल-जुलाई साइकिल की 23वीं किस्त का समय नजदीक आ गया है।

# ऑफशोर विंड से लेकर ग्रीन टेक्नोलॉजी तक, भारत और नॉर्वे ने 5 बड़े रणनीतिक समझौतों पर किए हस्ताक्षर

नार्वे/नई दिल्ली(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे यात्रा के दौरान भारत और नॉर्वे ने विज्ञान और तकनीक साझेदारी को मजबूत करते हुए पांच बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते ग्रीन एनर्जी, सतत विकास, समुद्री तकनीक, नवाचार और भू-विज्ञान सहयोग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संस्थागत सहयोग मजबूत करना, उद्योग और स्टार्टअप भागीदारी बढ़ाना, शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना और सतत विकास परियोजनाओं को तेजी देना है। सबसे अहम समझौतों में से एक डीएसआईआर/सीएसआईआर (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) और नॉर्वे की रिसर्च काउंसिल ऑफ नॉर्वे (आरसीएन) के बीच हुआ, जिसके तहत रिसर्च, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाया जाएगा।समझौते में संयुक्त कार्यशालाएं, रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स, वैज्ञानिकों के एक्सचेंज प्रोग्राम और जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा, सीएसआईआर ने नॉर्वे की प्रमुख स्वतंत्र रिसर्च संस्था एसआईएनटीईएफ के साथ 2026-2029 के लिए एक नया सहयोग समझौता भी किया। यह साझेदारी सर्कुलर इकोनॉमी और सस्टेनेबिलिटी ट्रांजिशन पर केंद्रित होगी, जिसके तहत बायो-बेस्ड




मैटेरियल, ओशन एनर्जी, ऑफशोर विंड, कार्बन कैप्चर, स्टोरेज और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रिसर्च और इनोवेशन कार्यक्रम चलाए जाएंगे।एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते के तहत कई सीएसआईआर संस्थानों ने एसआईएनटीईएफ संस्थाओं के साथ समुद्री ऊर्जा और ऑफशोर विंड एनर्जी तकनीकों पर प्रोजेक्ट आधारित सहयोग समझौता किया। इस सहयोग में सीएसआईआर-स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग रिसर्च सेंटर, सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज, सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी और सीएसआईआर-फोर्थ पैराडाइम इंस्टीट्यूट शामिल हैं।वहीं नॉर्वे की ओर से एसआईएनटीईएफ ओशन, एसआईएनटीईएफ डिजिटल, एफएमई नॉर्थविंड और एसआईएनटीईएफ कम्युनिटी इस साझेदारी का हिस्सा होंगे।

इस संयुक्त कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की ऑफशोर रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को मजबूत करना और देश के नवीकरणीय ऊर्जा तथा कार्बन न्यूट्रैलिटी लक्ष्यों को समर्थन देना है। इस प्रोजेक्ट के तहत फ्लोटिंग ऑफशोर विंड टेक्नोलॉजी, ऊर्जा लागत कम करना, सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड, ईएसजी फ्रेमवर्क, पायलट प्रोजेक्ट, स्किल डेवलपमेंट और औद्योगिक विकास पर काम किया जाएगा।इस पहल के लिए सीएसआईआर लगभग 3.41 करोड़ रुपए की फंडिंग सहायता देगा। इसके अलावा, "ग्रीन शिफ्ट के लिए विज्ञान, तकनीक और नवाचार सहयोग" शीर्षक से एक संयुक्त घोषणा पत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता सीएसआईआर, एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (एसीएसआईआर) और नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनटीएनयू) के बीच हुआ।इस घोषणा पत्र में सस्टेनेबिलिटी, सर्कुलर इकोनॉमी, ओशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर और सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही गई है।

## मैं जल्द लौटूंगी..', भारत में बैठीं शेख हसीना ने बांग्लादेश की यूनुस सरकार को दी खुली चुनौती, मच गया हड़कंप

नई दिल्ली(आरएनएस)। छात्र आंदोलन के बाद सत्ता गंवाकर भारत में शरण लेने वालीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने एक बार फिर अपनी हुंकार से ढाका की राजनीति में भारी खलबली मचा दी है। अवामी लीग पर लगे प्रतिबंध और इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल द्वारा मौत की सजा सुनाए जाने के बावजूद शेख हसीना ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि वह बहुत जल्द अपने वतन बांग्लादेश वापसी करेंगी। एक ई-मेल इंटरव्यू के जरिए अपनी चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी गैरमौजूदगी का मतलब उनका हार मान लेना बिल्कुल नहीं है। वह आज भी पूरी सक्रियता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश के लिए लड़ाई लड़ रही हैं। हसीना ने दोटूक लहजे में कहा कि उनकी वापसी किसी तय तारीख की मोहताज नहीं है, बल्कि जिस दिन बांग्लादेश में लोकतांत्रिक माहौल, अभिव्यक्ति की आजादी और कानून का शासन बहाल होगा, वह अपने देश वापस लौट जाएंगी। उन्होंने इसे केवल अपनी वापसी नहीं, बल्कि देश की आजादी और जनता के हित के लिए बेहद जरूरी बताया है।अपनी पार्टी अवामी लीग पर मौजूदा सरकार द्वारा लगाए गए बैन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए शेख हसीना ने कहा कि यह आम जनता की पार्टी है, जिसे चंद कागजी आदेशों से खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अगर अवामी लीग को मिटाना इतना ही आसान होता, तो आज बांग्लादेश का जन्म ही नहीं होता। अपने राजनीतिक सफर के दौरान हुए 19 जानलेवा हमलों का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कभी किसी साजिश या हमले के आगे नहीं रुकीं।



# ईरान पर हमले में घायल मोजतबा खामेनेई के अंग काटने की खबर झूठी

### -करमानपुर ने दावों को किया खारिज, कहा- पैर में लगाए गए थे टांके

तेहरान,(ए.)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत और मोजतबा खामेनेई के घायल होने की खबरों के बीच अब ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क एवं सूचना केंद्र के निदेशक हुसैन करमानपुर ने उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि हमले में मोजतबा खामेनेई का कोई अंग काटना पड़ा है। उन्होंने आधिकारिक तौर पर बयान जारी कर कहा कि मोजतबा खामेनेई के चेहरे को कोई क्षति नहीं हुई है और उनके शरीर का कोई भी अंग नहीं काटा गया है।



मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक करमानपुर ने उस घटनाक्रम का जिक्र करते हुए बताया कि हमले वाले दिन अस्पताल के आसपास का इलाका, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और सरकार के सदस्यों का कार्यालय और क्रांतिकारी नेता का घर, इन सभी जगहों को निशाना बनाया गया था। इस दौरान देश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. जफरखंडी ने तुरंत फोन कर घायलों के बारे में जानकारी ली। इसके तुरंत बाद डॉ. जफरखंडी खुद बाइक पर सवार होकर अस्पताल रवाना हुए, क्योंकि उस समय अचानक सड़कों पर भारी अराजकता फैल गई थी और रास्ते बंद हो चुके थे। इसी बीच दोपहर करीब 12 बजे खबर आई कि नेता आगा मोजतबा खामेनेई को अस्पताल लाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि ऐसे बड़े हादसे के घटनास्थल पर मौजूद किसी भी व्यक्ति के शरीर पर स्वाभाविक रूप से कई घाव हो जाते हैं और मोजतबा के शरीर पर भी कुछ घाव थे, लेकिन ये घाव उनके चेहरे को विकृत करने या गंभीर नुकसान पहुंचाने के नहीं थे। उनके घावों पर कुछ साधारण टांके लगाए गए और जिस हिस्से पर टांके लगाए वह उनकी टांग थी।

रहस्य तब और गहरा गया जब इस्लामिक गणराज्य का नेतृत्व संभालने की खबरों के बाद से मोजतबा खामेनेई को अब तक सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है, और न ही उनका कोई ऑडियो या वीडियो संदेश प्रसारित किया गया है।रिपोर्टों के मुताबिक ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय को अमेरिकी और इजराइली हवाई हमलों द्वारा कम से कम दो बार सीधे तौर पर निशाना बनाया गया था। इन हमलों की श्रृंखला में जो पहला हमला हुआ था, वह युद्ध के शुरुआती क्षणों में ही किया गया था।

## अमेरिका में सैन डिएगो की मस्जिद में गोलीबारी, 2 किशोर हमलावर समेत 5 की मौत

सैन डिएगो (आरएनएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित सैन डिएगो में सोमवार को 2 किशोरों ने मिलकर एक मस्जिद में गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोगों की मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि गोलीबारी में एक सुरक्षाकर्मी और मस्जिद परिसर में मौजूद 2 लोग मारे गए हैं, जबकि गोलीबारी करने वाले दोनों किशोरों ने भी खुद को गोली मारकर खत्म कर लिया। दोनों की उम्र 17 और 19 वर्ष बताई जा रही है।

जांचकर्ताओं का कहना है कि हमले का मकसद अज्ञात है, लेकिन सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद और एक संदिग्ध के पास मिले नोट के कारण इसे घृणा अपराध माना जा रहा है। संघीय जांच ब्यूरो ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। एक संदिग्ध ने आत्महत्या के लिए एक नोट छोड़ा जिसमें नस्लीय गौरव का जिक्र था। हमले में इस्तेमाल हथियारों में से एक पर भी घृणास्पद संदेश मिले हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमले से पहले ही पुलिस एक किशोर की तलाश कर रही थी क्योंकि उसकी मां ने पुलिस को फोन किया था। महिला ने चिंता जताई थी कि उसका बेटा आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा है और घर से भाग गया है। उन्होंने आगे बताया कि घर से हथियार और गाड़ी भी गायब है। पुलिस किशोर की तलाश कर ही रही थी कि उसे मस्जिद के पास गोलीबारी की सूचना मिली।

## ट्रंप करने वाले थे ईरान पर हमला, बोले- खाड़ी देशों के अनुरोध पर टाला

वाशिंगटन(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को ईरान पर सैन्य हमला करने वाले थे, लेकिन उसे खाड़ी देशों के अनुरोध पर टाल दिया है। उन्होंने बताया कि कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान ने उनसे ईरान पर हमला न करने का अनुरोध किया था।

ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, खाड़ी देशों के नेताओं ने कहा कि मैं ईरान पर अपने नियोजित सैन्य हमले को अभी रोक दूं। यह हमला कल के लिए तय था, लेकिन अब इस पर गंभीर बातचीत चल रही है। इन महान नेताओं और सहयोगियों की राय में, एक ऐसा समझौता हो जाएगा जो अमेरिका के साथ-साथ मध्य-पूर्व और उससे बाहर के सभी देशों को पूरी तरह से स्वीकार्य होगा। समझौते में ईरान के पास परमाणु हथियार न होना प्रमुख होगा।ट्रंप ने आगे बताया कि खाड़ी देशों के नेताओं के प्रति सम्मान के चलते, मैंने युद्ध सचिव पीट हेगसेथ, जॉइंट चीफ्स ऑफ़ स्टाफ़ के चेयरमैन जनरल डैनियल केन, और अमेरिका की सेना को निर्देश दिया है कि हम कल ईरान पर अपना नियोजित हमला नहीं करेंगे। उन्होंने सेना से कहा कि अगर कोई स्वीकार्य समझौता नहीं होता है, तो वे बिना किसी देरी के, ईरान पर एक पूर्ण और बड़े पैमाने का हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।अमेरिका ने ईरान को जो शांति प्रस्ताव भेजा है, उसमें 400 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम सौंपने, अपने परमाणु संयंत्रों का संचालन एक ही संयंत्र तक सीमित रखने और युद्ध क्षतिपूर्ति के दावों को छोड़ने और ईरान की अधिकांश जब्त संपत्तियां अवरुद्ध रहने की बात कही है।

ईरान चाहता है कि शांति वार्ता शुरू होने से पहले प्रतिबंधों को हटाया जाए, विदेशों में जब्त संपत्तियों को जारी की जाए और क्षेत्र में सैन्य

# फीचर

## हरी पत्तेदार सब्जियों को इस तरह से करें स्टोर, लंबे समय तक रहेंगी ताजी

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी और धनिया हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इनका सेवन विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर होता है। हालांकि, इन्हें सही तरीके से स्टोर न करने पर जल्दी खराब हो जाती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप इन सब्जियों को लंबे समय तक ताजा रख सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप अपनी हरी पत्तेदार सब्जियों का पूरा आनंद ले सकते हैं।



### पानी में धोकर सुखाएं

हरी पत्तेदार सब्जियों को खरीदने के बाद सबसे पहले इन्हें अच्छे से धो लें। इसके लिए एक बर्तन में पानी लें और उसमें थोड़ा सा सिरका मिलाएं, फिर इन सब्जियों को 5-10 मिनट तक इस घोल में भिगोकर रखें। इसके बाद इन्हें साफ पानी से धोकर छान लें। इसके बाद इन सब्जियों को एक सूखे कपड़े पर फैलाकर धूप में सुखाएं। इससे इनकी नमी कम होगी और वे जल्दी खराब नहीं होंगी।

### प्लास्टिक थैली का करें इस्तेमाल

धोने के बाद हरी पत्तेदार सब्जियों को प्लास्टिक की थैली में रखना एक अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए एक साफ प्लास्टिक की थैली लें और उसमें सूखी हुई सब्जियों को डालें, फिर थैली को हल्का सा बंद करके हवा निकाल दें। अब इस थैली को फ्रिज में रखें। इससे सब्जियां ताजा रहेंगी और जल्दी खराब नहीं होंगी। ध्यान रखें कि थैली बहुत ज्यादा भरी न हो ताकि सब्जियों को हवा मिलती रहे।

### अखबार में लपेटें

अगर आपके पास अखबार हो तो आप हरी पत्तेदार सब्जियों को उसमें लपेटकर भी रख सकते हैं। इसके लिए एक या दो पन्ने लेकर उसमें सब्जियों को अच्छे से लपेटें, फिर इन्हें किसी ठंडी जगह पर रखें जैसे कि फ्रिज का निचला हिस्सा या कूलर। इससे सब्जियां ताजा रहेंगी और जल्दी खराब नहीं होंगी। ध्यान रखें कि अखबार बहुत गीला न हो ताकि सब्जियों पर पानी न पड़े।

### हवा बंद डिब्बे का करें उपयोग

अगर आप हवा बंद डिब्बे का उपयोग करते हैं, तो यह भी एक अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक साफ हवा बंद डिब्बा लें और उसमें सूखी हुई सब्जियों को रखें, फिर डिब्बे को बंद करके फ्रिज में रखें। इससे सब्जियां ताजी रहेंगी और उनमें कोई गंदगी नहीं आएगी। इस तरीके से आप अपनी हरी पत्तेदार सब्जियों को लंबे समय तक रख सकते हैं और उनका पूरा आनंद ले सकते हैं।

### सूखे कपड़े का इस्तेमाल करें

हरी पत्तेदार सब्जियों को स्टोर करते समय सूखे कपड़े का उपयोग करना भी फायदेमंद हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक सूखा कपड़ा लें और उसमें सब्जियों को अच्छे से ढक दें, फिर इस कपड़े को किसी ठंडी जगह पर रखें जैसे कि फ्रिज का निचला हिस्सा या कूलर। इससे सब्जियां ताजी रहेंगी और जल्दी खराब नहीं होंगी। ध्यान रखें कि कपड़ा बहुत गीला न हो ताकि सब्जियों पर पानी न पड़े।

## 40 की उम्र में बला की हसीन हैं नुसरत भरुचा, हर एक लुक में एक्ट्रेस ढाती हैं कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं. 40 की उम्र में भी नुसरत भरुचा अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स से फैंस का दिल जीत रही हैं. हर आउटफिट में उनका कॉन्फिडेंस और एलीगेंस देखने लायक है, जहां वह अपने हर लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा देती हैं.



नुसरत भरूचा का जन्म 17 मई 1985 में मुंबई में हुआ था. नुसरत भरूचा ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी. वो पहली बार टीवी शो किटी पार्टी में दिखाई दी थीं. इसके बाद नुसरत भरूचा ने साल 2006 में फिल्म जय संतोषी मां से बॉलीवुड में कदम रखा. इसके बाद वो 2009 में फिल्म कल किसने देखा है में दिखाई दीं. दोनों फिल्में कुछ खास नहीं कर सकीं. फिर साल 2011 में आई फिल्म प्यार का पंचनामा ने एक्ट्रेस को पॉपुलर कर दिया. फिल्म में कार्तिक आर्यन और नुसरत की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया. इस फिल्म के बाद नुसरत भरूचा को लोग पसंद करने लगे. साल 2015 में, वो फिल्म प्यार का पंचनामा 2 में में भी नजर आईं, लेकिन साल 2018 में, उनके करियर ने एक बड़ा मोड़ लिया. साल 2018 में नुसरत भरूचा फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी में नजर आईं थीं. इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन और सनी सिंह जैसे कलाकार थे. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट थी. फिल्म में उन्होंने स्वीटी का रोल निभा कर अपने अभिनय का लोहा मनवाया. इसके बाद एक्ट्रेस ड्रीम गर्ल, छोरी, सेल्फी, राम सेतु जैसी फिल्मों में दिखाई दी. हर एक फिल्म में नुसरत का अलग अंदाज देखने को मिला. बता दें, बड़े पर्दे पर एक्ट्रेस ने कई ग्लैमरस रोल निभाए हैं. वहीं ये हसीना रियल लाइफ में भी बेहद ही ,स्टाइलिश और ग्लैमरस है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस आए दिन अपनी दिलकश फोटोज शेयर करती रहती हैं. जिसके लोग दिवाने नजर आते हैं. चाहे वेस्टर्न हो या एथनिक नुसरत हर एक लुक से बिजलियां गिराती हैं. 40 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपने लुक्स से लोगों का दिल जीत लेती हैं. बता दें, नुसरत को इंस्टाग्राम पर 6.4 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. फैंस उनके हर एक ग्लैमरस लुक्स को देखने के लिए बेताब रहते हैं.

## वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक जारी, धमाचौकड़ी मचाने आई अक्षय और उनकी टोली

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है।

फिल्म वेलकम टू द जंगल का गाना आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है।

अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है।

## अगर पेड़ वाईफ़ाई देते ना, तो इंसान उन्हें रिचार्ज प्लान समझकर बचा के रखते : शहनाज़ गिल

एक्ट्रेस शहनाज़ गिल ने हाल ही में ट्री प्लांटेशन ड्राइव को सिर्फ इवेंट नहीं, इमोशन बना दिया। उन्होंने अपने दादा प्यारा सिंह की याद में एक पौधा लगाया — और इस छोटे से कदम में ढेर सारी मोहब्बत छुपी थी। दिल से बात करते हुए शहनाज़ ने ऐसा डायलॉग मारा जो सीधा दिल और दिमाग दोनों में सेव हो गया: अगर पेड़ वाईफ़ाई दे रहा होता ना, तो कोई उसे काटता ही नहीं! लेकिन पेड़ ऑक्सीजन दे रहा है, इसलिए सबको प्रॉब्लम है। फल खाओ, मजे से खाओज् पर जड़ मत काटो। सुनो जी, ध्यान रखो - पेड़ लगाओ, बहुत जरूरी है! और घरवालों को भी बोलोज् जो दिनभर पड़ोसियों के साथ गॉसिप सम्मेलन' करते हैं, वो मिलकर पेड़ लगाएं।अपना आस-पास ठीक करो, एनवायरनमेंट खुद ही सेट हो जाएगा! अपनी सिग्नेचर देसी सच्चाई और फुल-ऑन रियल वाइब के साथ, शहनाज़ ने वो सच्चाई बोल दी जो हम सब जानते हैंज् पर इग्नोर करते हैं। ऑक्सीजन फ्री है, इसलिए उसकी वैल्यू नहीं समझते — ये सीधा ताना भी था और मीठा रिमाइंडर भी।उनकी बातों और इस प्यारे ट्रिब्यूट ने इस ड्राइव को सिर्फ पेड़ लगाने का प्रोग्राम' नहीं रहने दिया, बल्कि एक ऐसा मैसेज बना दिया जो घर-घर तक पहुंचना चाहिए — बदलाव बड़ी स्पीच से नहीं, छोटे-छोटे कामों से शुरू होता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो शहनाज़ गिल जल्द ही इश्कनामा में नजर आने वाली हैं — और फैंस का एक्साइटमेंट तो पहले से ही फुल चार्ज है!



# राइस कुकर में सही तरीके से खाना पकाने के लिए अपनाएं ये 5 सरल सुझाव

राइस कुकर एक उपयोगी उपकरण है, जो चावल को सही तरीके से और जल्दी पकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप सोचते हैं कि राइस कुकर केवल चावल पकाने के लिए होता है तो आपको बता दें कि आप इससे पुलाव, खिचड़ी, दलिया, दाल और यहां तक कि केक भी बना सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप राइस कुकर में हर बार सही तरीके से खाना पका सकते हैं।

### पानी का सही अनुपात रखें

राइस कुकर में खाना पकाने के लिए सही मात्रा में पानी का उपयोग करना बहुत जरूरी है। अगर आप चावल बना रहे हैं तो आमतौर पर एक कप चावल के लिए 2 कप पानी का उपयोग करना चाहिए। पुलाव या खिचड़ी के लिए भी इसी अनुपात का पालन करें। दाल और दलिया के लिए 1:3 का अनुपात सही रहता है। इससे आपका खाना न तो कच्चा रहेगा और न ही ज्यादा गीला होगा।

### समय का ध्यान रखें

राइस कुकर में खाना पकाने का समय भी बहुत अहम होता है। आमतौर पर चावल पकाने में 20-25 मिनट लगते हैं, जबकि पुलाव और खिचड़ी को पकाने में 30-40 मिनट का समय लगता है। दाल और दलिया को पकाने में भी लगभग इसी समय की जरूरत होती है। अगर आप केक बना रहे हैं तो इसे 50-60 मिनट तक पकाएं। सही समय पर खाना पकाने



से आपका खाना न तो अधपका होगा और न ही ज्यादा पका हुआ।

### उपकरण को सही तरीके से भरें

राइस कुकर के बर्तन को सही तरीके से भरना भी जरूरी है। इसे ज्यादा भरने से खाना उबलकर बाहर आ सकता है, इसलिए इसे आधा या 3/4 तक ही भरें। इससे खाना अच्छे से पकेगा और बाहर नहीं आएगा। इसके अलावा राइस कुकर के अंदर रखी प्लेट को हमेशा हल्का-सा घुमाकर रखें, ताकि भाप निकल सके और खाना अच्छे से पक सके। इससे आपका खाना हर बार सही तरीके से बनेगा।

### सब्जियों को पहले से तैयार करें

अगर आप पुलाव या खिचड़ी बना रहे हैं तो सब्जियों को पहले से काटकर तैयार कर लें। इससे खाना पकाने का समय कम होगा और आपका खाना लजीज बनेगा। सब्जियों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर राइस कुकर में डालें और फिर ऊपर से चावल डालें। इसके बाद जरूरी मसाले और पानी मिलाएं। इससे आपका पुलाव और खिचड़ी एकसार बनेगा और स्वादिष्ट भी लगेगा। इस तरह आप अपने राइस कुकर का सही उपयोग कर सकते हैं।

### साफ-सफाई पर ध्यान दें

राइस कुकर की नियमित सफाई करना बहुत जरूरी है, ताकि इसमें कीटाणु न पनप सकें। इस्तेमाल करने के बाद इसे धोकर सुखाएं और समय-समय पर इसकी सफाई करें। इन सरल सुझावों की मदद से आप अपने राइस कुकर में हर बार बेहतरीन खाना बना सकते हैं।

इनका पालन करके न केवल आपका खाना स्वादिष्ट बनेगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि आपका राइस कुकर लंबे समय तक सही तरीके से काम कर रहा है।

# वन विभाग की कार्रवाई पर बवाल, जैतपुरी गांव के ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



धमतरी (ए.)। जिले के सिहावा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैतपुरी में वन विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद विवाद गहरा गया है। कार्रवाई से नाराज बड़ी संख्या में ग्रामीण सोमवार को धमतरी कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएफओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस प्रदर्शन को कांग्रेस नेताओं का भी समर्थन मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम बिना पूर्व सूचना और पर्याप्त समझाइश के गांव में पहुंची और लोगों को उनके घरों से जबरन बाहर निकाला गया। इससे गांव में तनाव और भय का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान धक्का-मुक्की और बल प्रयोग की स्थिति बनी, जिससे कई लोगों को चोटें आई हैं। यह पूरा मामला उदंती-सीता नदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जैतपुरी का बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गरियाबंद से आई वन विभाग की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए गांव पहुंची थी। इस दौरान ग्रामीणों और वन अमले के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब डीएफओ मौके पर मौजूद थे। ग्रामीणों का कहना है कि इस दौरान डीएफओ और वन विभाग की टीम के बीच विवाद की स्थिति बनी और गांव में अव्यवस्था फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग पर मारपीट और जबरन कार्रवाई के आरोप लगाए हैं, जबकि विभाग की ओर से लगाए गए आरोपों को ग्रामीणों ने सिरे से खारिज कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई एकतरफा थी और इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। वहीं वन विभाग की ओर से यह दावा किया गया है कि कार्रवाई नियमों के तहत अतिक्रमण हटाने के लिए की जा रही थी, लेकिन मौके पर विरोध और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण धमतरी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डीएफओ के खिलाफ कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भी ग्रामीणों का समर्थन करते हुए प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग उठाई। पुलिस के अनुसार, मामले में शिकायत प्राप्त हुई है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से रिटायर्ड शिक्षक की दर्दनाक मौत

कांकेर (आरएनएस)। कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में मंगलवार तड़के एक हृदयविदारक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से सेवानिवृत्त शिक्षक हीरामणि साहू (80) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार और आसपास के लोगों में शोक की लहर फैल गई।



जानकारी के मुताबिक घटना सुबह करीब 5 बजे भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में हुई। हीरामणि साहू रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी भानुप्रतापपुर से रायपुर की ओर जा रही ट्रेन अचानक वहां पहुंच गई। ट्रेन की चपेट में आने से उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि साहू परिवार में हाल ही में शादी समारोह संपन्न हुआ था। घर में खुशियों और उत्सव का माहौल था, लेकिन सुबह आई इस दुखद खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। शादी की रौनक देखते ही देखते मातम में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## देशव्यापी हड़ताल के चलते 20 को रहेंगी मेडिकल दुकानें बंद

रायपुर,(आरएनएस)। 20 मई को दवा विक्रेताओं के देशव्यापी हड़ताल को देखते खाद्य और औषधि प्रशासन ने वैकल्पिक इंतज़ाम किए हैं। ऑनलाइन औषधियों की बिक्री के विरोध स्वरूप विभिन्न केमिस्ट संगठनों द्वारा 20 मई 2026 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में आम नागरिकों को आवश्यक औषधियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन द्वारा समस्त जिलों में अधिकारियों को आवश्यक जीवनरक्षक औषधियों, आपातकालीन स्वास्थ्य उत्पादों एवं चिकित्सकीय सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शासकीय जनऔषधि केन्द्रों, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, शासकीय चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स एवं अन्य औषधि वितरण केन्द्रों के माध्यम से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन एवं मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मॉर्निंग वाक पर निकले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हुए लूट के शिकार

रायपुर,(आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान राजधानी रायपुर में एक बड़ी घटना सामने आई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता धरमलाल कौशिक लूट की घटना का शिकार हो गए।

बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान एक बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक धरमलाल कौशिक सुबह करीब सवा 8 बजे घर से टहलने निकले थे, इसी दौरान बाइक पर आए एक युवक ने उनका मोबाइल झपट लिया और मौके से भाग निकला। घटना के समय कौशिक अकेले थे घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## आधी रात ट्रांसपोर्ट ऑफिस में भड़की भीषण आग, 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

बलौदाबाजार, (आरएनएस)। बलौदाबाजार के लवन बायपास रोड स्थित मनीषा ट्रांसपोर्ट कार्यालय में मंगलवार देर रात अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दफ्तर में रखा टायर-ट्यूब, ट्रक के पार्ट्स और अन्य सामान देखते ही देखते जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजे स्थानीय लोगों ने ट्रांसपोर्ट कार्यालय से धुआं और आग की लपटें उठती देख पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर सेना बल की टीम दो फायर टेंडर के साथ मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में करीब चार घंटे तक लगातार संघर्ष करना पड़ा। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है, हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक कारणों की जांच जारी है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा जनहानि हादसा टल गया।

## रायपुर में फिर गैंगवार, बालाजी चौक पर पुरानी रंजिश बनी खूनी भिड़ंत की वजह

रायपुर, (आरएनएस)। रायपुर में गैंगवार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। भाठागांव की घटना के दो दिन बाद सोमवार शाम शहर के बालाजी होटल चौक स्थित आरवीएच कॉलोनी में दो गुटों के बीच सरेआम हिंसक झड़प हो गई। पुरानी दुश्मनी को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया, जहां दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घातक हथियारों से हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक शाम करीब 5:30 बजे अमन ठाकुर, आयुष ठाकुर और पीयूष सिंह का सामना अनिकेत डोंगरे और जीवन डोंगरे से हुआ। आमना-सामना होते ही दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि अनिकेत ने लोहे की वस्तु से हमला किया, जबकि जवाब में अमन ने कटारनुमा हथियार से वार कर दिया। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग दहशत में आ गए। किसी तरह दोनों पक्ष अलग हुए और देर रात खमतराई थाना पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ हत्या की नीयत से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

# चक्रवाती सिस्टम एक्टिव, छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिन बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी



रायपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बंगाल की खाड़ी और विदर्भ क्षेत्र में सक्रिय चक्रवाती सिस्टम के असर से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, तेज आंधी और गरज-चमक का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों के दौरान रायपुर और बस्तर संभाग समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रह सकता है। प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गई। रायपुर में शनिवार को 62.8 मिमी बारिश दर्ज हुई, जबकि बस्तर संभाग के कई इलाकों में भी झमाझम बारिश हुई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिली और मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बिलासपुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रायपुर में न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और तमिलनाडु के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसके अलावा पश्चिम विदर्भ से मन्नार की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके कारण लगातार नमी प्रदेश तक पहुंच रही है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बादल, बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिल रहा है।राजधानी रायपुर में सोमवार को आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवा चलने का अनुमान जताया है। रायपुर में अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और बिजली गिरने के समय खुले स्थानों से दूर रहने की अपील की है।

# खेल समाचार

# भारत की वनडे और टेस्ट टीम घोषित, पंत से छिनी उपकप्तानी; बुमराह को मिला आराम




मुंबई(ए.)। भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच और तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। दोनों ही फॉर्मेट में टीम इंडिया की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा को वनडे टीम में मौका मिला है, जबकि जसप्रीत बुमराह इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, रोहित के अलावा, हार्दिक पांड्या का खेलना फिटनेस के आधार पर तय होगा।केएल राहुल टेस्ट टीम में भारत के उप-कप्तान होंगे। इस टीम में युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी शामिल किया गया है। विकेटकीपिंग का जिम्मा ऋषभ पंत के कंधों पर होगा। साईं सुदर्शन, देवदत्त पड्डिकल, वॉशिंगटन सुंदर, नितीश राणा और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों के साथ एम सुथार, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे को इस टीम में स्थान मिला है।

वनडे टीम की बात करें, तो रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या को इस सीरीज में मौका दिया गया है, लेकिन उनका खेलना फिटनेस के आधार पर तय होगा। अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली वनडे सीरीज में नजर आएंगे। ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर को भी इस सीरीज में मौका दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा, जिसके बाद 6 जून से भारत और अफगानिस्तान के बीच टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। दोनों देश 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेलेंगे। 14 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। वनडे सीरीज का पहला मैच 14 जून को धर्मशाला में आयोजित होगा। सीरीज के शेष मैच 17 और 20 जून को क्रमश: लखनऊ और चेन्नई में खेले जाएंगे। टेस्ट मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह 9.30 से शुरू होगा, जबकि वनडे मुकाबलों की शुरुआत दोपहर 1.30 से होगी।

### भारत और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम

6-10 जून: एकमात्र टेस्ट मैच (महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़)

14 जून: पहला वनडे मैच (एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला)

17 जून: दूसरा वनडे मैच (भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ)

20 जून: तीसरा वनडे मैच (एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई) टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उप-कप्तान), साईं सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), देवदत्त पड्डिकल, नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुथार, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा (फिटनेस के आधार पर), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (फिटनेस के आधार पर), नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार और हर्ष दुबे।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित, झारखंड की तीन खिलाड़ी शामिल : सलीमा टेटे की कप्तानी में खेलेगी टीम

रांची(आरएनएस)। हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है. इस टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है. झारखंड की स्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे को टीम की कप्तानी सौंपी गई है, जबकि निक्की प्रधान और दीपिका सोरेंग भी टीम का हिस्सा बनी हैं. राज्य की तीन खिलाड़ियों के चयन से झारखंड में खेल प्रेमियों और हॉकी जगत में खुशी का माहौल है।

भारतीय महिला हॉकी टीम 26 से 30 मई तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में चार मैचों की सीरीज खेलेगी. यह दौरा जून में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है. टीम इस दौरे पर 26, 27, 29 और 30 मई को मुकाबले खेलेगी.झारखंड की सलीमा टेटे लगातार भारतीय महिला हॉकी टीम की अहम खिलाड़ी रही हैं. अपनी तेज रफ्तार, बेहतरीन फिटनेस और आक्रामक खेल शैली के कारण उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खास पहचान बनाई है. सलीमा 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं. अब उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम की कप्तानी सौंपना उनके शानदार प्रदर्शन और नेतृत्व क्षमता का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

## बांग्लादेश बनाम पाकिस्तानः मुशफिकुर रहीम ने दूसरे टेस्ट में लगाया शतक, हासिल की ये उपलब्धि

नईदिल्ली (आरएनएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट की अपनी दूसरी पारी में शतक (137) लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का कुल 14वां शतक साबित हुआ। इसके साथ-साथ पाकिस्तानी टीम के विरुद्ध यह रहीम के बल्ले से निकलने वाली दूसरी शतकीय पारी रही। वह बांग्लादेश की ओर से टेस्ट में सर्वाधिक शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने। आइए उनकी पारी पर एक नजर डालते हैं।

बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में जब 110 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब रहीम क्रीज पर आए। उन्होंने सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने एक छोर से टिककर बल्लेबाजी की। उन्होंने तीसरे दिन के दौरान अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। इस बीच उन्होंने लिटन दास के साथ 123 रन की साझेदारी भी निभाई। वह 233 गेंदों में 137 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल था।

रहीम अब टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बांग्लदेश बल्लेबाज बने। उन्होंने मोमिनुल हक को पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि मोमिनुल ने टेस्ट में अब तक 13 शतक लगाए हुए हैं। इनके बाद तमीम ने अपने टेस्ट करियर में 10 शतक लगाए थे। रहीम ने बांग्लादेश की धरती पर खेलते हुए अपना 8वां शतक लगाया। उन्होंने विदेशों में खेलते हुए 6 टेस्ट शतक लगाए हैं।

## भारतीय मूल के आरोन राय ने तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

न्यूटाउन स्क्वायर, (आरएनएस)।भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने अंतिम दौर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया. वह पिछली एक सदी से भी अधिक समय में इंग्लैंड में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती है।

राय पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया. राय इस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर थे लेकिन अब वह 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

यह 31 वर्षीय खिलाड़ी एक समय तीन शॉट से पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया. राय ने पार-5 वाले नौवें होल पर 40 फुट का ईगल पुट लगाया. इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा खेल जारी रखा और पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ समापन किया. उन्होंने कुल नौ अंडर का स्कोर बनाकर तीन शॉट से खिताब जीता।

राय का इससे पहले किसी मेजर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन बार संयुक्त 19वें स्थान पर रहना था. उन्होंने अपने 13वें प्रयास में यह चैंपियनशिप जीती. वह पीजीए चैंपियनशिप जीतने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बन गए. उनसे पहले जिम बार्न्स ने 1916 और 1919 में यह खिताब जीता था।

राय की जीत ने पीजीए चैंपियनशिप में अमेरिकी खिलाड़ियों की लगातार 10 वर्षों की जीत के सिलसिले को भी समाप्त कर दिया।

राय के माता-पिता भारतीय मूल के हैं और उनकी पत्नी गौरिका भारत की एक पेशेवर गोल्फर हैं. राय से पहले पीजीए चैंपियन बनने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी विजय सिंह थे. फिजी के इस खिलाड़ी ने दो बार पीजीए चैंपियनशिप जीती थी.उन्होंने कहा, यह खिताब मेरी कल्पना से परे है. राय को इस जीत से पीजीए टूर पर पांच साल की छूट मिल गई है. अब वह मास्टर्स, यूएस ओपन और ब्रिटिश ओपन में खेल सकते हैं. वह अब जीवन भर पीजीए चैंपियनशिप में खेल सकते हैं.राय ने कहा, गोल्फ एक अद्भुत खेल है. यह आपको बहुत कुछ सिखाता है. यह आपको बहुत विनम्रता, अनुशासन और अथक परिश्रम करना सिखाता है क्योंकि इस खेल में कुछ भी मुफ्त में नहीं मिलता है।

# फीफा विश्वकप के लिए ब्राजील की 26 सदस्यीय टीम घोषित, नेमार भी शामिल

रियो डि जेनेरो (ए)। ब्राजील ने अगले माह होने वाले फीफा विश्वकप फुटबॉल के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में स्टार खिलाड़ी नेमार की वापसी हो गयी है। नेमार चोटिल होने के कारण पिछले काफी समय से टीम से बाहर थे, अब उनकी वापसी से प्रशंसकों को राहत मिली है। टीम के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने विश्वकप के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा करते हुए कहा कि नेमार की वापसी से टीम में उत्साह है।

नेमार के विश्वकप खेलने को लेकर अबतक संदेह जताया जा रहा था। नेमार ने आखिरी बार अक्टूबर 2023 में ब्राजील के लिए मुकाबला खेला था। उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में उन्हें गंभीर चोट लगी थी। जिसके बाद से ही वह खेल से बाहर थे। इस चोट से उबरने के बाद यह पहली बार है जब वह राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बने हैं। फिलहाल वह अपने क्लब सैंटोस एफसी के लिए खेल रहे हैं। इस साल की शुरुआत में क्लब में वापसी के बाद उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 38 मैचों में 17 गोल किए हैं, हालांकि चोटों के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।



टीम चयन के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्लो एंसेलोटी ने नेमार को टीम में शामिल करने के अपने फैसले को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि नेमार को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर नहीं चुना गया है, बल्कि टीम को उनकी गुणवत्ता और अनुभव की सख्त जरूरत है। एंसेलोटी ने जोर देकर कहा, नेमार चाहे 1 मिनट खेलें या 90 मिनट, सबसे जरूरी है कि वह टीम को क्या योगदान देते हैं। वह तभी खेलेंगे जब ट्रेनिंग और फिटनेस के आधार पर इसके अधिकारी होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे साल नेमार की फिटनेस पर बारीकी से नजर रखी गई और अब वह धीरे-धीरे बेहतर स्थिति में पहुंच रहे हैं।जहां नेमार की वापसी ने प्रशंसकों को उत्साहित किया, वहीं कई बड़े खिलाड़ियों का टीम में जगह नहीं मिली है। अनुभवी डिफेंडर थियागो सिल्वा के साथ-साथ जोआओ पेड्रो और एंड्रे सैंटोस भी टीम से बाहर हैं। रॉड्रीगो और एस्टेवाओ चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, ब्राजील की टीम विश्वकप में अपना पहला मुकाबला 13 जून को न्यू जर्सी में मोरक्को के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम ग्रुप ष्ट में हैती और स्कॉटलैंड का सामना करेगी।

# बढ़ता जा रहा शहर का दायरा, गैस सिलेंडर के गोदाम हो गए बस्तियों के अंदर

## बना हुआ है खतरा, गोदामों के पास ही खड़े रहते हैं सिलेंडर से भरे हुए ट्रक

नर्मदापुरम (निप्र)। इन दिनों लगातार गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। पूर्व में बाबई क्षेत्र में एलपीजी गैस से भरे हुए ट्रक में आग लगने पर तेज धमाकों के साथ विस्फोट हुआ था। वैसे भी शहरवासी गैस गोदामों को बस्ती से दूर करने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन प्रशासन स्तर से कोई कार्रवाई करने की दिशा में पहल नहीं की जा रही है। शहर में कुल तीन गोदाम हैं। दो शहरी क्षेत्र में है। इन गोदामों में सैंकड़ों की संख्या में भरे हुए सिलेडर रखे रहते हैं। जिनसे खतरा बना रहता है। दूसरा गोदाम हरदा बायपास के पास है। उसके आस-पास भी बस्ती हो गई है। तीसरा गोदाम कुलामड़ी मार्ग पर है वहां भी कालोनी बनती जा रही है। इस प्रकार तीनों तरफ खतरा ही बना हुआ है। अनेक नई कालोनी बन गई हैं। बनती ही जा रही हैं।



### शहर का हो गया है काफी विस्तार

जब गोदाम बना था तब बस्ती नहीं थी इक्का दुक्का घर ही थे दो गोदाम तो शहर से दूर थे। गैस गोदाम की सुरक्षा को लेकर शासन की जो गाइड लाइन है उसके अनुसार गोदाम में गोदाम मालिकों को पूरे इंतजाम करना अनिवार्य हैं। लेकिन विभागीय अधिकारी जांच के नाम पर खानापूर्ति करके चले जाते हैं। शहर का काफी विस्तार हो गया है।

### विशेष इंतजाम की सामग्री

गोदामों के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का प्रबंध, फायर फाइटर, रेत से भरी बाल्टी, के साथ ही चारों तरफ ऊंची-ऊंची बाउंड्रीवाल बनी होना आश्यक है। चारों तरफ काफी जगह छूटी रहना चाहिए लेकिन उतनी जगह नहीं छूटी है। बिजली का कनेक्शन भी नहीं होना चाहिए जिससे कि शार्ट सर्किट जैसी कोई घटना नहीं घटित हो सके।

### नियमों का पालन करना आवश्यक है

शासन ने गोदाम से संबंधित जो नियम बनाए हैं। उन सभी नियमों का पालन करना आवश्यक है। जिस प्रकार गोदाम बनाने के नक्शे रहते हैं। उसी के अनुसार ही बनाए जाने चाहिए। जिससे कि किसी तरह का कोई खतरा नहीं हो। वर्तमान में सभी गोदाामों के पास खतरे की संभावना बनी रहती है। सुरक्षा के सभी मापदंडों का पालन किया जाना आवश्यक है।

### सिलेंडर से भरे हुए ट्रकों से खतरा

बाजार क्षेत्र में अनेक बार सिलेंडर से भरे हुए ट्रक कई घंटों तक खड़े रहते हैं जिससे खतरे की संभावना बनी रहती है। होना यह चाहिए कि ट्रकों को शहर से बाहर खडा़ करना चाहिए जब गोदाम खुले तब ट्रकों को गोदाम में लाकर तुरंत खाली करने की प्रक्रिया करनी चाहिए। लेकिन ऐसा होता है कि ट्रक रात में आ गया तो गोदाम के पास खड़ा रहता है। दूसरे दिन जब गोदाम खुलती है तब खुलता है। इसलिए ट्रकों को सुरक्षा की दृष्टि से शहरी क्षेत्र से दूर खड़ा किया जाना चाहिए।

## डिप्टी सीईओ ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण, स्ट्रांग रूम एवं सीसीटीवी व्यवस्था का लिया जायजा

*नर्मदापुरम (निप्र)। कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल के डिप्टी सीईओ संजय श्रीवास्तव द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री श्रीवास्तव ने वेयरहाउस परिसर में स्थित तीनों स्ट्रांग रूम का बाहरी निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं ईवीएम के रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वेयरहाउस स्थित स्ट्रांग रूम में कुल 1937 बैलेट यूनिट, 1756 कंट्रोल यूनिट एवं 1784 वीवीपैट सुरक्षित रखी गई हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन मशीनों का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तथा त्रैमासिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाता है। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।*

# निश्चय पोषण योजना के अंतर्गत 12 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री का वितरण




इटारसी(निप्र)। डॉ श्यातमा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में जनपद अध्यक्ष नर्मदापुरम भूपेंद्र चौकसे एवं विधायक प्रतिनिधि भरत वर्मा पूर्व अधीक्षक डॉ आरके चौधरी एवं अधीक्षक डॉ कमेलश कुमरे की उपस्थिति में 12 टीबी मरीजों को निश्चाय पोषण योजना के तहत जन सहयोग द्वारा फूड बास्केधट वितरित किए गए। फूड बास्केण्ट के रूप में गरीब टीबी मरीजों को आटा दाल चाबल खाने का तेल एवं दूध पाउडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल का समस्ता चिकित्सक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन गणेश उपरारिया ने किया तथा आभार प्रदर्शन नरेंद्र कुमार यादव ने किया।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा

### प्राची सराठे ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

नर्मदापुरम(निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल की कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा प्राची सराठे ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का कहना है कि हमें अत्यंत हर्ष और गर्व है कि हमारे विद्यालय की कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा प्राची सराठे ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025.26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाणिज्य संकाय में सर्वाधिक 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। छात्रा ने अपनी मेहनत लगन और अनुशासन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से प्राची सराठे को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। प्राचार्य ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रा की निरंतर मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ ने छात्रा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और विश्वास जताया कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी। हम सभी प्राची सराठे को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।



## स्थानीय निकाय निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण 2026 को लेकर सिवनीमालवा में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित

नर्मदापुरम(निप्र)। स्थानीय निकाय निर्वाचक नामावली के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 के सुचारू संपादन को लेकर मंगलवार को सांदीपनि स्कूल सभागार में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय राय ने की ।बैठक में क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त स्टैंडिंग कमेटी सदस्य, विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को स्थानीय निकाय निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

# स्व. समाजसेवी अक्षय दीक्षित के जन्मदिन पर हुआ धार्मिक अनुष्ठान

### नन्हें मुन्हें बच्चे पूछते हैं पापा कब आएंगे ? तो दादा का ह्रदय हो जाता है द्रवित

## सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर दी श्रृद्धांजलि



नर्मदापुरम (निप्र)। विगत 3 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में अक्षय दीक्षित का निधन हो गया था। अक्षय के जन्मदिन पर धार्मिक अनुष्ठान के तहत श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए मनाया गया उपस्थित जन समुदाय ने अक्षय के सहज सरल एवं दूसरों के प्रति त्याग करने की भावना को याद करते हुए उसके नि:स्वार्थ सेवा भाव की सराहना की एवं दोनों बेटों को आशीर्वाद दिया अक्षय ने जहां समाज सेवा को माध्यम मनाया वहीं राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाते हुए कांग्रेस आईटी सेल जिला अध्यक्ष प्रदेश महासचिव पद का दायित्व निभाया निश्चित ही दुनिया का सबसे बड़ा दुख पिता के कंधे पर बेटे का जनाजा होता है। जब छोटे बच्चे पूछते हैं कि पापा कब आएंगे तब लगता है कि ईश्वर का यह कैसा न्याय है जो बच्चों को जवाब नहीं दे सकते। अक्षय के पिता अरुण दीक्षित 71 साल की उम्र होने के बाद भी धैर्य हिम्मत से अपने परिवार को संभाले हुए हैं अक्षय के मित्र एवं सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्य हमेशा उनके दुख सुख में अपनी सहभागिता निभाते रहते हैं यही उनकी एवं उनके परिवार की हिम्मत है।

## आम महोत्सव एवं सेमीनार का आयोजन 30 मई को

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में आम की विविधता और स्वाद से लोगों को रूबरू कराने के लिए उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग एवं जिला प्रशासन नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई 2026 को आम महोत्सव एवं सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन नर्मदा तट स्थित सेठानी घाट पर होगा।

## मोहासा में नेचर बायो फूड्स (दावत) संस्थान का श्रम निरीक्षक ने किया निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। औद्योगिक क्षेत्र ग्राम पंचायत मोहासा स्थित नेचर बायो फूड्स (दावत) संस्थान का श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन व सेवा शर्ते का विनियमन) अधिनियम 1996 के अंतर्गत किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संस्थान परिसर में भवन संनिर्माण कार्य चल रहा है। अधिनियम की धारा 46 के तहत किसी भी संनिर्माण कार्य को शुरू करने से पूर्व क्षेत्रीय श्रम निरीक्षक को कार्यस्थल का नाम, निर्माण कराने वाले व्यक्ति का नाम तथा नियोजित होने वाले संभावित श्रमिकों की संख्या सहित पूर्ण विवरण के साथ सूचना देना अनिवार्य है।

# युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर करें जागरूक : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एन- कॉर्ड समिति की बैठक संपन्न




नर्मदापुरम(निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एन-कॉर्ड समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एडीएम अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, संयुक्त कलेक्टर एवं सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, श्रीमती नीता कोरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में मादक पदार्थों को तस्करी, नशे की रोकथाम के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, जिले में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों के पर्यवेक्षण के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। एन-कॉर्ड समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया जाए। कलेक्टर ने नशा मुक्ति के लिए जिले में वृहद स्तर पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक किया जाए जिससे नशे जैसी समस्या का जड़ से निदान किया जा सके। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से शराब के अहाते संचालित ना हो। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त दिशा में आवश्यक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को भी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत किए जाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश भी दिए।

## राहत देने के बाद अब फिर सूर्यदेव दिखा रहे हैं तेवर

नर्मदापुरम(निप्र)। मौसम में हो रहे बार-बार के बदलाव से तापमान में उतार चड़ाव बना रहना आम बात है। बादल हटते ही एक बार फिर तापमान में वृद्धि होने लगी है। बीते सप्ताह से तापमान में कमी थी। बादल और हवा के चलने से गर्मी में हल्की राहत थी। अब मंगलवार को बादल कुछ छटे तो तेज गर्मी का असर फिर होने लगा है। दिन में 02 डिर्ग्री तापमान बढ़ गया है। अधिकतम तापमान 43- 44 के आसपास बना हुआ है। इसी के साथ ही न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 30 डिग्री हो गया है। मौसम साफ होते ही अब फिर तापमान भी बड़ता जा रहा है। बादलों का आसमान से डेरा कम होता जा रहा है। इसी के साथ सूर्यदेव अपना प्रभाव दिखाने लगे हैं। मौसम विभाग का कहना है अब अगले एक दो दिन में फिर मौसम में तीखी गर्मी का असर बढ़ने की संभावना बन रही है। वातावरण में नमी होने से रात में चली हवाओं के कारण तापमान में कमी आई थी। मौसम विभाग का कहना है कि हवाओं ने बादलों को उड़ा कर ले गई है। इस कारण अब बारिश की संभावना नहीं है। लेकिन गर्म हवा चलने की संभावना बनी हुई है।

# कलेक्टर के नेतृत्व में जनसुनवाई बन रही नागरिक सेवा का मंच

*कलेक्टर के नेतृत्व में जनसुनवाई बन रही नागरिक सेवा का मंच*
*मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 138 आवेदकों को मिला उनकी समस्या का समाधान*



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की। जनसुनवाई में समग्र आईडी में त्रुटि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अवैध अतिक्रमण, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एडीएम अनिल जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, संयुक्त कलेक्टर एवं सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, श्रीमती नीता कोरी, एसडीएम जय सोलंकी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। नर्मदापुरम निवासी आवेदिका जूही सोनकिया ने कलेक्टर श्री मिश्रा को बताया कि उनकी समग्र आईडी में उनके पिताजी का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया था, जिसके कारण वे अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन नहीं कर पा रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस संदीप चौरसिया को तत्काल समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस द्वारा आवेदिका की समग्र आईडी में त्वरित सुधार किया गया, जिससे उन्हें राहत मिली। इसी प्रकार केसला निवासी विनेश कुमार चौधरी की समग्र आईडी में आ रही समस्या का भी जनसुनवाई के दौरान मौके पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रबंधक संदीप चौरसिया द्वारा समग्र आईडी में आवश्यक सुधार करते हुए आवेदक को राहत प्रदान की गई ।जनसुनवाई में नर्मदापुरम निवासी लखन लाल वर्मा ने गेहूं उपज समर्थन मूल्य पर विक्रय किए जाने के उपरांत भुगतान नहीं मिलने की समस्या कलेक्टर श्री मिश्रा के समक्ष रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीता कोरी को किसान को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्देशों के परिपालन में जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा मामले की जांच की गई तथा किसान को भुगतान किए जाने की सूचना प्रदान की गई।

# 13 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

नर्मदापुरम ( निप्र)। 13 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम द्वारा शासकीय ज्ञानोदय आवासीय परिसर में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया। समापन समारोह में 13 मध्यप्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एस पी सिंह एडम आफिसर लेप्टिनेंट कर्नल विवेक सिंह चुंडावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर कैंप कमांडेंट के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कैडेटों ने अनुशासन, प्रशिक्षण और देशभक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

शिविर के अंतिम दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनसीसी कैडेटों ने देशभक्ति गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत हो गया।

कैडेटों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा। मुख्य अतिथि कमान अधिकारी कर्नल एस पी सिंह ने कैडेटों की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेटों को शारीरिक, बौद्धिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें ड्रिल, हथियारों का उपयोग, फायरिंग अभ्यास, जैसे विषय शामिल थे। प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेटों को रक्षा सेवाओं क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान से भी अवगत कराया गया।शिविर के दौरान विभिन्न विशेषज्ञ संस्थाओं द्वारा प्रेरक और जानकारीपूर्ण व्याख्यान भी आयोजित किए गए। एस डीआरएफ अधिकारियों, ट्रैफिक पुलिस,जिला चिकित्सालय,रेडक्रास सोसायटी ने कैडेटों को आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता और परमाणु ऊर्जा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।इन व्याख्यानों का उद्देश्य कैडेटों को सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय हितों के प्रति जागरूक बनाना था।खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए शिविर में वॉलीबॉल, फुटबॉल, टग ऑफ वार सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इन गतिविधियों से टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और आपसी सहयोग की भावना को बल मिला।इस शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों से कुल 600 कैडेटों ने शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण लिया।समापन अवसर पर कैडेटों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया गया। विभिन्न गतिविधियों एवं सांस्कृतिक, खेल, फ्लैग एरिया, फायरिंग, टेबल परेड, एंकरिंग में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले एनसीसी कैडेट को मेडल बनाकर सम्मान किया गया।



सूबेदार मेजर वी.सी.तिलक,कैप्टन एल.एन. मालवीय,सेकेंड आफिसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, शेख कमर,संतोष अहिरवार,सूबेदार राकेश कुमार,सूबेदार रामवतार बम्बू, सूबेदार मेहराम, सतेन्द्र कुमार,महावीर सिंह,सुरेन्द्र सिंह,वी एच एम पूरन मिश्रा,हवलदार सत्यदेव सिंह,भंवर लाल, घमंडा राम, अर्जुन सिंह, विजय, अजित, सुशील कुमार,सचिन,दिनेश,संदीप,नीलेश राठौर, आदित्य दुबे का विशेष योगदान रहा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com